जबलपुर

बुधवार 28 अक्टूबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-3

वर्ष : 21, अंक : 174

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 27

न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

उड़ गया न्यूजीलैंड, भारत का सीरीज पर कब्जा

अभिषेक ने 'फोड़ा' सूर्यवंशी ने 'तोड़ा'



वैभव सूर्यवंशी		अभिषेक शर्मा
45*	रन	113*
19	गेंद	38
04	चौके	09
04	छक्के	11

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिषेक ने 38 गेंद में बनाए 113

वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन ठोके

कोहली का रिकॉर्ड तोड़ बने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय अभिषेक

अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 मुकाबले में छह विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।

डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया संबोधित

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा- भ्रष्टाचार पर एआई तकनीक से सरकार सजग है, पर आप भी सजग रहकर काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी तक भ्रष्टाचार का खुलासा आम लोगों की तरफ से होता था, इससे सरकार हाशिए पर होती थी, किंतु संभवतः पहली बार खुद अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी ने अपने ही विभाग में हुए करीब 1150 करोड़ रुपए की धांधली का न सिर्फ खुलासा किया, बल्कि सख्त कार्रवाई करना शुरू किया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों के साथ ब्रीफिंग में यह मुद्दा उठा। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे आकर कहा कि जिसने भी इस तरह से धांधली की है।



कैबिनेट की बैठक

मप्र स्थापना दिवस 1 नवंबर को कृषि वर्ष से संबंधित 3 दिवसीय आयोजन होगा

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा- अपने जिलों में माटीकला को प्रोत्साहित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने अपने जिलों में माटीकला को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करें। त्यौहारों के समय में मिट्टी के दिये की मांग होती है। सभी मंत्री माटीकला को प्रोत्साहित करें। इससे मप्र के लाखों लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने मंत्रियों से इसे प्राथमिकता के तौर पर लेने व प्रचार प्रसार करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2026 में प्रदेश ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रदेश में पोषण जागरुकता से जुड़ी लगभग 2 करोड़ गतिविधियों की प्रविष्टियां दर्ज की गईं।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

डॉ. यादव ने बताया कि इंदौर में आयोजित मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 में लगभग 5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनसे 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 28 अक्टूबर को इंदौर में अर्बन कॉन्क्लेव होगा।

Tinh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैनल देखें
TATA PLAY पैनल न. 1155 | airtel पैनल न. 366

खबर संक्षेप

श्रीवास्तव बने राज्य आनंद संस्थान के नए सीईओ

भोपाल। पूर्व आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव को आनंद विभाग के राज्य आनंद संस्थान का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। राज्य शासन ने आदेश जारी कर दिए गए हैं। श्रीवास्तव पूर्व में जनसंपर्क संचालक, आबकारी आयुक्त और गृह विभाग में सचिव जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं।



इमरान को 2 नवंबर तक देश छोड़ने की जरूरत नहीं

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के नोटिस के मामले में अंतरिम राहत दी है। मंगलवार को अदालत ने सुनवाई 2 नवंबर तक के लिए टाल दी। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह के आश्वासन के बाद नोटिस की समय-सीमा अगली सुनवाई तक बढ़ा दी गई है।



श्रीराम का वीडियो देखने पर पत्नी पर तलवार से हमला

ग्वालियर। भगवान श्रीराम का वीडियो देखने की बात पर विवाद के बाद पति ने पत्नी पर तलवार से हमला कर दिया। घटना सोमवार रात हजीरा थाना क्षेत्र के बड़ा गेट कांच मिल की है। रेवती उर्फ रीतू तोमर (38) बच्चों के साथ मोबाइल पर श्रीराम के वीडियो देख रही थीं। पति करनवीर (42) ने महाकाल का वीडियो चलाने को कहा। मना करने पर विवाद बढ़ा।



देवास-सागर शराब कांड

अवैध नेटवर्क की जांच तेज, दोनों जिलों में प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की कोशिश

कलेक्टर-एसपी नपे, आबकारी के 3 अधिकारी भी 'निलंबित'



दिलीप यादव (सागर)



नेहा मीणा (देवास)

- देवास कलेक्टर ऋतुराज को वल्लभ भवन भेजा, उनकी जगह सिवनी की कलेक्टर नेहा मीणा को जिम्मेदारी
- देवास के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत को पुलिस मुख्यालय भेजा, उनकी जगह आदित्य मिश्रा को कमान
- सागर की कलेक्टर प्रतिभा पाल को हटाकर वहां दिलीप यादव को कलेक्टर बनाया गया है
- सागर एसपी अनुराग सुजानिया की जगह संजीव कुमार सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/देवास

देवास शराब कांड में जिन 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है कि उनमें से एक ने स्वीकार कर लिया है कि वह केमिकल वाली शराब बनाता था

देवास और सागर जिले में कथित जहरीली शराब से हुई मौतों के मामलों ने सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। दोनों जिलों के कलेक्टर व एसपी को हटा दिया है। इसके साथ ही देवास जिला आबकारी के 3 अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इस मामले में 17 लोगों की मौत होने की अपुष्ट जानकारी है। सितंबर में सागर जिले के बंडा क्षेत्र में सामने आए शराब कांड के बाद देवास के चंदाना और बिंजाना गांवों में मौतों के मामले ने आबकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए थे। देवास जिले के चंदाना और बिंजाना गांवों में सितंबर के अंत से अक्टूबर के मध्य तक कई लोगों की मौत के बाद कथित अवैध शराब की बिक्री का मामला सामने आया। ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। देवास में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देवास में आबकारी विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

देवास में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार 7.25 लाख रुपए का माल जब्त



पटवारी का पदयात्रा का ऐलान, धरने पर बैठे पीड़ित परिजन

देवास जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में सियासत गरमा गई है। मंगलवार को इस गंभीर घटना के दोषियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने देवास में प्रदर्शन किया।

देवास और सागर में 3-3 आबकारी अधिकारी निलंबित

देवास आबकारी विभाग ने जिन तीन अधिकारियों को निलंबित किया है, इनमें जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पवार और आबकारी उप निरीक्षक राजश्री खन्ना शामिल हैं। सागर मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर आबकारी विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया था।

तीन जिलों के कलेक्टर व एसपी हटाए गए: राज्य सरकार ने सिवनी कलेक्टर नेहा मीणा को हटाकर देवास जिले का कलेक्टर बनाया है। इसी तरह बालाघाट जिले पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को देवास जिले की कमान सौंपी है। उन्हें देवास पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

केमिकल मिलाकर तैयार की जा रही थीं बोतलें

चंदाना-बिंजाना में हुई मौतों के मामले की जांच में केमिकल मिलाकर शराब तैयार करने और उसे लाइसेंसी शराब की पेटियों में मिलाकर बेचने के तथ्य सामने आए हैं।

चीता स्टेट मप्र का ये पहला मामला

कूनो के 19 माह के चीते को गोली मारी, मिले छर्रे



बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कूनो नेशनल पार्क से निकलकर मुरैना पहुंचे 19 महीने के मादा चीते को गोली मार दी गई। गोली लगने से चीते की मौत हो गई है। रविवार को बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला किया गया था। पहले जानकारी सामने आई थी कि ग्रामीणों ने चीते को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। हालांकि, अब जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की डॉक्टर डॉ. शोभा जावरे ने चीते को गोली लगने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान चीते के शरीर से छर्रे निकाले गए हैं।

आय से 264% से ज्यादा संपत्ति

जीएसटी अफसर के पैतृक घर बंडा में लोकायुक्त का छापा



कमाए 1.03 करोड़, खर्च किए 3.78 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार सुबह राज्य जीएसटी विभाग के वाणिज्यिक कर अधिकारी मनीष जैन के ठिकानों पर छापा मारा। टीम ने जबलपुर और भोपाल के साथ सागर जिले के बंडा स्थित उनके पैतृक घर पर भी कार्रवाई की। शुरुआती जांच में अधिकारी की आय से 264.64% अधिक संपत्ति सामने आई है। लोकायुक्त की शुरुआती जांच के मुताबिक मनीष जैन की कुल आय 1 करोड़ 3 लाख 73 हजार 317 रुपए और व्यय 3 करोड़ 78 लाख 25 हजार 707 रुपए पाया गया है।

याचिका में कहा-भर्ती होना पड़ा

पत्रकार को धक्का देने में राहुल को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार की याचिका पर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। पत्रकार ने आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च के दौरान राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया था, जिससे वह गिर गईं।

रिजर्व कोच में चोरी रेलवे का जिम्मा

यात्री को मिलेगा 1.45 लाख रुपए मुआवजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ रेलवे की सभी अपील खारिज हुई

ट्रेन के आरक्षित कोच में अनधिकृत लोगों के प्रवेश को रोकना रेलवे की जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही के कारण यात्री का सामान चोरी होता है, तो रेलवे जवाबदेही से बच नहीं सकता। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह टिप्पणी करते हुए नॉर्दर्न रेलवे की अपील खारिज कर दी।

परमाणु बिजली संयंत्र का विरोध

'आधी रात' को निकाले गए जल सत्याग्रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



■ प्रमोद समेत चार अस्पताल में भर्ती

जिले के रोझौही में प्रस्तावित टाटा परमाणु बिजली परियोजना के विरोध में चल रहे जल सत्याग्रह के बीच मंगलवार रात करीब एक बजे प्रशासनिक टीम तालाब पर पहुंची। टीम ने आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा और आदिवासी प्रदर्शनकारियों को तालाब से बाहर निकलवाया।

वीडियो जारी कर पूरी घटना बताई

युवती का आरोप-चलती कार में किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ पुलिस- प्राइवेट पार्ट में कोई इंजूरी नहीं

इंदौर की एक युवती ने कार के अंदर गैंगरेप का अरोप लगाया है। पीड़िता ने यहां तक कहां की उसके साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की और प्राइवेट पार्ट को भी क्षति पहुंचाई गई। पुलिस का कहना है कि मेडिकल जांच में युवती के प्राइवेट पार्ट में किसी तरह की कोई इंजूरी नहीं मिली है।

एआई खर्च संतुलित करने की कोशिश

माइक्रोसॉफ्ट ने 60 हजार कर्मचारियों को दिया स्वैच्छिक एग्जिट का ऑफर



कंपनी का मुक्त नकदी प्रवाह पहले से 23 प्रतिशत कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को अमेरिका, कनाडा, भारत और ब्रिटेन में वॉलेंटरी एग्जिट ऑफर शुरू किया है। इसके तहत 70 या उससे कम स्तर के पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार करीब 60 हजार कर्मचारी इसके दायरे में हैं, जो कंपनी के कुल 2.23 लाख कर्मचारियों का लगभग 22 प्रतिशत है। कंपनी यह कदम एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेंटर पर बढ़ते निवेश के बीच खर्च को संतुलित करने के लिए उठा रही है।

भोपाल के वीआईपी इलाके चार इमली की घटना

डीजीपी के बंगले के पास आईएएस के घर से चंदन का पेड़ काट ले गए चोर

घर में तैनात था गार्ड हबीबगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वीआईपी इलाके चार इमली में चोर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विवेक पोरवाल के घर से चंदन का पेड़ काटकर ले गए। उनका आवास प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना के बंगले के बगल में स्थित है। वारदात के समय घर में सुरक्षा गार्ड भी तैनात था, लेकिन उसे चोरी की भनक तक नहीं लगी।



कटा हुआ चंदन का पेड़

तीन लोगों ने दिया अंजाम

घटना सोमवार रात हबीबगंज थाना क्षेत्र में हुई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि करीब 3 लोग आईएएस अधिकारी के घर में घुसे और चंदन का पेड़ काटकर ले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है।

डेटा संरक्षण कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा डिजिटल मीडिया, पत्रकारिता के लिए छूट मांगी

डीएनपीए की याचिका पर केंद्र को नोटिस, 17 नवंबर को अगली सुनवाई

दलील और सहमति की अनिवार्यता से खोजी पत्रकारिता प्रभावित होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देते हुए डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। एसोसिएशन का कहना है कि कानून में पत्रकारिता के लिए स्पष्ट छूट नहीं होने से प्रेस की स्वतंत्रता और समाचारों के प्रकाशन पर असर पड़ सकता है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका और कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन में 21 प्रमुख मीडिया संगठनों के डिजिटल विंग शामिल हैं।

क्या है डीपीडीपी एक्ट?

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी एक्ट), 2023 भारत का कानून है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना है। संसद से पारित इस कानून को 11 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी। इसके तहत व्यक्तिगत डेटा एकत्र करने और इस्तेमाल करने वाले संगठनों को निर्धारित नियमों का पालन करना होता है।

वंदे मातरम के 6 अंतरे अनिवार्य करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सभी छह अंतरों को गाने या बजाने की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बौद्ध कार्यकर्ता बीडी बोरकर और पूर्व आईएएस अधिकारी बालकृष्णन सत्यभामा मावोजी की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिकाओं में गृह मंत्रालय के 28 जनवरी और 9 जुलाई 2026 के आदेशों को चुनौती दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी।

INVEST MADHYA PRADESH
GLOBAL INVESTORS SUMMIT
JANUARY 2027 | BHOPAL
INFINITE POSSIBILITIES

प्रगति का नया परिवेश मध्यप्रदेश





मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

28 अक्टूबर 2026 | ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर, इंदौर

प्रमुख आकर्षण
- शहरी विकास एवं निवेश-आधारित सत्र
- वन-टू-वन मीटिंग
- प्रारूप नीतियों का विमोचन
- एमओयू हस्तांतरण एवं आशय पत्र जारी
- 'इंदौर इकोनॉमिक रीजन' रिपोर्ट का विमोचन

पैनल चर्चा
- अर्बन प्लानिंग, ट्रांज़िट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स
- डिजिटल रिफॉर्म्स
- अर्बन फाइनेंस एवं निवेश संभावनाएं
- जलवायु अनुकूलन क्षमता एवं सर्कुलर इकोनॉमी

फोकस सेक्टर
- शहरी अवसंरचना
- आवास एवं टाउनशिप विकास
- मोबिलिटी एवं मेट्रो अवसंरचना
- डिजिटल गवर्नेंस एवं नवाचार
- निवेश एवं भविष्य के शहर

D- 11150/26



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026



खबर संक्षेप

नाइजीरिया में बंदूकधारियों का हमला, 62 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया के उत्तर पूर्व हिस्से में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के ताराबा प्रांत प्रमुख एल. अयूबा के अनुसार, शुक्रवार को प्रांत के करिम-लामिडो स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने बिनारी समुदाय पर हमला किया जिसमें 52 लोग घायल भी हुए तथा हजारों लोग विस्थापित हुए। अब तक 52 शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से 15 बेन्यू नदी से मिले हैं।



सीरिया में हुए हमलों में नागरिकों की मौत

अल-तुफ (सीरिया)। जॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि सीरिया में उसके हवाई हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के करीब 20 आतंकवादी मारे गए। हालांकि, उसने यह भी स्वीकार किया कि हमलों में आम नागरिकों की भी मौत हुई है। जॉर्डन की वायुसेना ने सोमवार शाम सीरिया में हवाई हमले किए। ये हमले जॉर्डन के दक्षिणी शहर कराक में एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान पिछले सप्ताह हुए हमले के जवाब में किए गए जिसमें नौ लोगों की मौत हुई थी।

लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात

व्यापार, निवेश, विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय 'सहयोग' बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संग संबंधों को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता | प्रिंस एलोइस की इस साल भारत की यह दूसरी यात्रा

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के मुद्दे पर बातचीत की। लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस 25 से 28 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। लिकटेंस्टाइन के प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में मुलाकात की।

दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर गहन चर्चा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर बताया कि मंगलवार को हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों पक्षों ने भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, व्यापार और निवेश, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार लाने और उन्हें मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। उन्होंने भारत-ईएफटीए टेपा से बनी सकारात्मक गति का स्वागत किया और द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के अपने संकल्प को फिर से दोहराया।

जयशंकर और सीतारमण से भी की मुलाकात



प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी और पीएम मोदी

इससे पहले दिन में, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और 'भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टेपा) के तहत उभरते अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मिलकर खुशी हुई। 'भारत-ईएफटीए टेपा' से मिले अवसरों की बदौलत, हमारी द्विपक्षीय साझेदारी कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रिंस इलोइस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बता दें, साल 2026 में प्रिंस एलोइस की भारत की यह दूसरी यात्रा है; इससे पहले वे फरवरी में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। वे इससे पहले 2010 और 2018 में भी भारत आ चुके हैं।

टेपा से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए

भारत के साथ 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टेपा) के पूरा होने (जो एक साल पहले लागू हुआ था) का जिक्र करते हुए, प्रिंस ने इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि हम इस गति को आगे बढ़ाने और भारत के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विशेष रूप से, हम नवाचार (इनोवेशन), उन्नत विनिर्माण (एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग), वित्तीय सेवाओं, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ाने की अपार संभावनाएं देखते हैं। इन और कई अन्य क्षेत्रों में, दोनों देशों के पास एक-दूसरे की पूरक ताकतें हैं।

भारत दौरा मेरे लिए सम्मान की बातः लिकटेंस्टीन प्रिंस

लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस ने कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आकर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनका यूरोपीय देश नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति भवन प्रांगण में प्रिंस एलोइस का औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रिंस एलोइस का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रिंस एलोइस ने निमंत्रण और गर्मजोशी से स्वागत के लिए राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत देश में लिकटेंस्टीन की पहली राजकीय यात्रा पर आकर मैं खुद को बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। लिकटेंस्टीन भारत के साथ अपने संबंधों को अहमियत देता है।



अमेरिकी सांसदों की चेतावनी

रूसी डीजल आयात से जुड़े लोगों पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने बैंकों, बंदरगाह प्राधिकरणों और ईंधन वितरकों को चेतावनी दी है कि रूस से डीजल आयात की सुविधा देने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई और कांग्रेस की जांच का सामना करना पड़ सकता है। सांसदों ने प्रमुख वित्तीय संस्थानों, बंदरगाहों और ईंधन वितरक कंपनियों के प्रमुखों को लिखे पत्रों में कहा कि अमेरिकी कानून का उल्लंघन करते हुए आयात में मदद करने वाली कंपनियों पर आपराधिक और दीवानी कार्रवाई हो सकती है। यह चेतावनी ऐसी खबरों के बीच आई है कि जब माल्टा के झंडे वाला एक टैंकर, जिसमें 40,000 मीट्रिक टन रूसी अल्ट्रा-लो सल्फर डीजल है, न्यूयॉर्क की ओर जा रहा है।

टैंकर, एगियोई फैनेंडेस ने 22 अक्टूबर को रूस के बाल्टिक पोर्ट प्रिमोर्स्क पर अपना माल लोड किया और इसके 7 नवंबर को पहुंचने की उम्मीद है। यह शिपमेंट 2022 में वॉशिंगटन द्वारा बैन लगाए जाने के बाद से यूएस द्वारा आयात किया जाने वाला पहला रूसी पेट्रोलियम उत्पाद होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी महीने की शुरुआत में रूस को अमेरिका समेत वैश्विक बाजारों में डीजल की आपूर्ति करने की छूट दी थी। सांसदों ने 2022 के 'एंडिंग इंपोर्टेशन ऑफ रशियन ऑयल एक्ट' की धारा 2 का हवाला दिया।



माल्टा के झंडे वाला टैंकर एगियोई फैनेंडेस 7 नवंबर को यूएस पहुंचेगा

कई प्रमुख बैंकों और बंदरगाहों को पत्र भेजे

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर जीन शाहीन, रॉन वाइडन, शेल्डन व्हाइटहाउस, क्रिस कून्स और एलिजाबेथ वॉरेन के साथ रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस शामिल हैं। न्यूयॉर्क के पांचवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद ग्रेगरी मीक्स ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ये पत्र जेपीमॉर्गन चेज, बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप, वेल्स फार्गो, गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को भेजे गए हैं। इसके अलावा टेक्सास के ह्यूस्टन, कॉर्पस क्रिस्टी और ब्यूमोंट बंदरगाह प्राधिकरणों तथा न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के बंदरगाह प्राधिकरणों को भी पत्र लिखे गए हैं। सांसदों ने कहा कि 2022 के कानून के तहत रूस में बने ऊर्जा उत्पादों, जिनमें डीजल ईंधन भी शामिल है, के आयात पर आम तौर पर रोक है। कानून के मुताबिक, आयात की अनुमति तभी दी जा सकती है, जब राष्ट्रपति कांग्रेस को प्रमाणित करें कि रूस ने यूक्रेन में सभी सैन्य शत्रुताएं रोक दी हैं।

यूएन में भारत की दो टूक

सुधारों को रोकने वाले 'छिपे हुए वीटो' पर दर्ज की कड़ी आपत्ति

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों को आगे बढ़ने से रोकने वाले 'छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो' की कड़ी आलोचना की है। महासभा में पांच स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकारों पर हुई बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि सुधार प्रक्रिया में 'आम सहमति' की शर्त को अप्रत्यक्ष वीटो की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हरीश ने बताया कि सुधारों के लिए चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में यह मुद्दा शामिल था, लेकिन कुछ देशों द्वारा अपनाए जा रहे प्रक्रियागत पैंतरों के कारण यह अटक गई है। आईजीएन प्रक्रिया में भी 'आम सहमति' की दलील का इस्तेमाल एक छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो के रूप में किया जा रहा है। 'यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस' नाम के देशों के एक छोटे समूह ने प्रक्रिया संबंधी दांव-पेंच अपनाकर आईजीएन को बातचीत का कोई मसौदा अपनाने से रोक रखा है। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है और इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। पी. हरीश ने याद दिलाया कि 2008 का महासभा प्रस्ताव, जो आईजीएन का आधार है, बिल्कुल स्पष्ट है। इसका सिद्धांत अधिकतम राजनीतिक स्वीकृति है, न कि पूर्ण आम सहमति।



पी. हरीश

ट्रंप प्रशासन का फिर दावा

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में, बातचीत 'सार्थक' दिशा में जारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा है कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते को लेकर सार्थक बातचीत कर रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता मैथ्यू मिडलटन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधि भारतीय अधिकारियों के साथ सार्थक बातचीत कर रहे हैं, ताकि एक ऐसा ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया जा सके जो अमेरिकियों और अमेरिका को प्राथमिकता दे। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच करीबी व्यक्तिगत संबंधों का भी जिक्र करते हुए कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले नीदरलैंड की राजधानी हेग में आयोजित 'इंडिया-नीदरलैंड्स बिजनेस फोरम' में पीयूष गोयल ने कहा था कि हमने ज्यादातर चर्चाएं पूरी कर ली हैं और अब समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पूरे किए हैं। इससे पहले 20 अक्टूबर को मुंबई यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि दोनों पक्ष समझौते के बहुत करीब हैं। रुबियो ने कहा था



मैथ्यू मिडलटन

पीयूष गोयल ने उच्चस्तरीय बैठकें कीं

नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ हेग

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नीदरलैंड की अपनी यात्रा जारी रखते हुए डच सरकार के नेताओं, सांसदों और प्रमुख डच कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकें कीं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करना, व्यापार एवं निवेश का विस्तार करना तथा भारतीय और डच उद्यमों के बीच सहयोग के नए अवसरों की पहचान करना था। उन्होंने स्जोर्ड स्जोड्स्मा, विदेश व्यापार एवं विकास सहयोग मंत्री; सुहीलीन हर्बर्ट, आर्थिक मामलों एवं जलवायु मंत्री; तथा आर्थर वान डाइक, नॉर्थ हॉलैंड प्रांत के किंग्स कमिश्नर के साथ बैठकें कीं। उन्होंने डच हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की विदेश व्यापार एवं विकास सहयोग समिति तथा सीनेट की यूरोपीय मामलों संबंधी समिति के सदस्यों के साथ भी बातचीत की।

संयुक्त घोषणा-पत्र को अंगीकृत करने के बाद 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच संपन्न

आतंकवाद, उसके वित्तपोषण और सुरक्षित ठिकानों की निंदा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक संयुक्त घोषणा-पत्र को अंगीकृत करने के बाद 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच का संपन्न हो गया। इस घोषणा-पत्र में सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित ठिकानों की निंदा की गई, जबकि जीरो टॉलरेंस और दोहरे मापदंडों को समाप्त करने की मांग की गई। घोषणा-पत्र में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, संप्रभु समानता, परस्पर सम्मान, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति सदस्य देशों की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सदस्य संसदों ने वैश्विक शासन में ग्लोबल साउथ को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों का स्पष्ट समर्थन किया।



संयुक्त घोषणा पत्र जारी करते हरिवंश नारायण सिंह और ओम बिरला

जलवायु एजेंडा भी शामिल

घोषणा में भारत के नेतृत्व वाले विकासात्मक और जलवायु एजेंडे को भी दृढ़ता से शामिल किया गया, जिसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) रिपोजिटरी का विस्तार, नैतिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशासन, समान लेकिन पृथक उत्तरदायित्वों के सिद्धांत का पालन और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए सर्वसम्मति से समर्थन शामिल है।

ग्लोबल साउथ को मिले

लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स की सफलता इस बात में है कि सदस्य देशों की प्रगति से आगे बढ़कर व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लाभ पहुंचाया जाना चाहिए, जिससे वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।



सुको में एसआईआर और सीईसी के संबंध में सुनवाई पूरी

चुनाव आयोग के हलफनामे पर जवाब देने को याचिकाकर्ताओं को 10 दिन की मोहलत दी, फॉर्म-6 में बदलाव पर ईसी से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार की सुनवाई पूरी हो गई है। चुनाव आयोग की तरफ से दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए याचिकाकर्ताओं ने सर्वोच्च अदालत से 10 दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की इस मांग को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी अतिरिक्त हलफनामे के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3सदस्यों वाली बेंच ने की। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं।





नई याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फॉर्म-6 में बदलाव करने का निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाने वाली सांसद डोला सेन की नई याचिका पर आयोग को नोटिस जारी किया।

एकतरफा निर्णय लेने के आरोप लगाए

याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े फैसले लेते समय चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की राय को नजरअंदाज किया। इस दौरान एकतरफा और मनमाने तरीके से निर्णय लिए गए। याचिकाओं में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त घोषणा पत्र जोड़ने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस शर्त के कारण नए और युवा मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना मुश्किल हो सकता है।

चुनाव आयोग ने सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में इन आरोपों को खारिज किया है। आयोग के अनुसार एसआईआर से संबंधित तीनों आदेश सर्वसम्मति से जारी किए गए थे। उनमें इसे लेकर कोई आपसी मतभेद नहीं था। आयोग ने स्पष्ट किया कि इन फैसलों में किसी तरह की एकतरफा कार्रवाई नहीं की गई।

कर्नाटक में फाइनल वोटर लिस्ट जारी

एसआईआर के बाद लगभग 1 करोड़ मतदाता घटे

बेंगलुरु। कर्नाटक में एसआईआर) 27 अक्टूबर को पूरा हुआ। इसके चलते राज्य के मूल 5.5 करोड़ मतदाताओं की सूची से लगभग 99.76 लाख मतदाता कम हो गए हैं, जिससे अब कुल मतदाताओं की संख्या 4,54,55,689 यानी 4.54 रह गई है। इनमें से लगभग 86.56 लाख मतदाता 20-29 आयु वर्ग के हैं, जबकि नए मतदाताओं की संख्या 6.83 लाख है। 16 जून को, जब प्रक्रिया के लिए मतदाता सूची के फ्रीज कर किया गया था, तब राज्य में लगभग 5.5 करोड़ मतदाता थे। इसके बाद हुई जांच प्रक्रिया के दौरान, 24 अगस्त को जारी ड्राफ्ट सूची में लगभग



19.48 प्रतिशत यानी 1.08 करोड़ मतदाताओं को हटा दिया गया। इन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, डुप्लिकेट और अन्य श्रेणी में रखा गया था।

खबर संक्षेप

कांगड़ा में चिट्टा तस्करी में 1.01 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ नूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इंदौरा के छन्नी गांव में 1 करोड़ 1 लाख 55 हजार 718 रुपए मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज करने संबंधी आदेश का बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना इंदौरा में वर्ष 2017 में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में की गई है।



मुस्कान-साहिल की फांसी पर अब 30 को सुनवाई

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के बहुचर्चित नीले ड्रम हत्याकांड में इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सौरभ राजपूत हत्याकांड में दोषी ठहराए गए मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने संवेदनशीलता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख दी है।



मोइत्रा ने हाई कोर्ट से कहा, 'हटा दूंगी पोस्ट'

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर की गई विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया से हटा देंगी। महुआ के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का केस किया किया है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के खिलाफ भी केस किया है।



मिजोरम में एक किलो मेथामफेटामाइन बरामद

आइजोल। मिजोरम के आइजोल जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सोमवार को ब्वांगकॉन थाना क्षेत्र में जेमाबॉक वन जांच चौकी के पास एक वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से मादक पदार्थ बरामद किया गया।



राहुल ने की जन सुनवाई, एक नवंबर को रामलीला मैदान में महारैली पर अड़े

ज्ञानेश के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखा जाएगा, सरकार-ईसी की जवाबदारी तय हो

वोट चोरी की जा रही और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के जारी विरोध के बीच आए हैं। इंडिया ब्लॉक के दल मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चुनाव आयोग से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। एक नवंबर को रामलीला मैदान में 'दिल्ली चलो' मार्च और जनसभा प्रस्तावित है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित ब्लॉक 20 में 'वोट अधिकार जीने का अधिकार' जन सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि देश में ऊपर के स्तर से वोट चोरी की जा रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



4 बूथों से 416 नाम हटाने का आरोप

राहुल ने कहा कि इस जन सुनवाई के जरिए लोगों ने बताया कि चार बूथों से 416 नाम कथित तौर पर अवैध तरीके से हटाए गए हैं। भारत के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। आज लोगों को समझ आ गया है कि वोट चोरी हो रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

वेणुगोपाल ने महारैली और तैयारियों का जायजा लिया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। यह विरोध प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर में कथित अनियमितताओं के खिलाफ किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि कार्यक्रमों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन पीछे नहीं हटेगा।



व्यापारियों की बढ़ी चिंता राहुल को लिखा पत्र

राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि दिवाली के पीक सीजन में 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली होकर रहेगी. उनके इस रुख के बाद रामलीला मैदान के आसपास के प्रमुख बाजारों के व्यापारियों में चिंता और निराशा बढ़ गई है। दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बृजेश गोयल ने राहुल को पत्र लिखकर रैली दिवाली के बाद कराने की मांग की है।

रैली पर दिल्ली पुलिस ने लगाई शर्तें

शाम 5 बजे तक खत्म करना होगा कार्यक्रम



रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली के लिए कानून-व्यवस्था के लिहाज से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। हालांकि, इसके लिए जमीन के मालिकाना हक वाले विभाग से पहले अनुमति लेनी होगी और पुलिस की कई शर्तों का पालन करना होगा। रैली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

पुलिस ने रखी ये प्रमुख शर्तें

- *सुरक्षा के कड़े इंतजाम: आयोजकों को रामलीला मैदान के प्रवेश/निकास द्वारों, मंच, आसपास के क्षेत्रों और बैठने की जगहों पर पर्याप्त संख्या में हाई-डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। इनकी रिकॉर्डिंग, कम से कम 5 स्क्रीनों के साथ एक मॉनिटरिंग सिस्टम और एक अलग सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाना अनिवार्य होगा।*
- *बुनियादी सुविधाएं: रैली में शामिल होने वाले लोगों के लिए पानी के टैंकर और पर्याप्त संख्या में शौचालय (महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग) उपलब्ध कराने होंगे।*
- *स्वयंसेवक: रैली को सुचारू रूप से चलाने के लिए कांग्रेस को पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात करने होंगे, जो एक जैसी ड्रेस या बैज पहनें, ताकि उनकी पहचान हो सके।*
- *समय सीमा: रैली को 1 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक हर हाल में समाप्त करना होगा, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर होना शुरू हो जाना चाहिए. किसी भी परिस्थिति में समय विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
- *रात को रुकने पर रोक: रैली से पहले या बाद में, किसी भी प्रतिभागी को रामलीला मैदान में रात को रुकने की अनुमति नहीं होगी।*
- *मार्च निकालने की मनाही: रामलीला मैदान के अलावा किसी अन्य स्थान के लिए कोई मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गई है।*

खरगे ने 13 राज्यों की जारी की लिस्ट

चुनाव आयोग कर रहा वोट चोरी, करोड़ों नाम काटे गए



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एसआईआर को लेकर एक आंकड़ा जारी कर केंद्र और चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर 1 नवंबर को प्रस्तावित विपक्ष की रैली को दबाने का भी आरोप लगाया।

- केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर लगाए कई आरोप

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन हर नागरिक के वोट और हमारे संविधान की रक्षा के लिए अपना लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक समेत 13 राज्यों में हुए एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'जैसे-जैसे चुनाव आयोग के कारनामे सामने आ रहे हैं और वोट चोरी का पर्दाफाश हो रहा है, मोदी-शाह जन-आंदोलन को दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं!

इन राज्यों में हुए एसआईआर पर उठाए सवाल

- *उत्तर प्रदेश: पीलीभीत में 10,470 अनियमित फॉर्म 8 बदलावों के कारण एफआईआर दर्ज की गई और राज्यव्यापी ऑडिट शुरू हुआ। अलग से 158 एमएलसी इलेक्टोरल रोल एंट्री में सॉफ्टवेयर-जनरेटेड नाम की गलतियां थीं।*
- *महाराष्ट्र: एसआईआर ड्राफ्ट रोल से 2.07 करोड़ नाम हटा दिए गए। एमएलसी सूचियों में कंप्यूटर/ऑटोमैटिक ट्रांसलेशन की वजह से हुई गलतियां सामने आईं।*
- *पश्चिम बंगाल: विधानसभा चुनावों के बाद मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की तय की गई अपीलों में से 93 फीसदी सफल रहीं।*
- *राजस्थान: भारतीय चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग की सूचियों के बीच लगभग 30 लाख विसंगतियां पाए गए।*
- *गुजरात: एसआईआर के बाद मतदाता सूची में 68.12 लाख नाम घट गए. अब लोगों के नाम फिर से जोड़ने का खास अभियान चलाया जा रहा है।*
- *कर्नाटक: आम तौर पर फॉर्म 7 कोई आम नागरिक या मतदाता किसी का नाम कटवाने के लिए भरता है, लेकिन यहां खुद चुनाव अधिकारियों द्वारा ही 61,059 लोगों के नाम काटने के लिए फॉर्म 7 भरे गए, जिस पर सवाल उठाए गए हैं।*
- *आंध्र प्रदेश: 20,959 फॉर्म 7 आवेदनों में चुनाव अधिकारियों को ही आपत्ति जताने वाले के रूप में नामित किया गया।*
- *ओडिशा: धामनगर में 3,000 से अधिक नाम हटाने वाले आवेदन आए। बीएलओ ने इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया।*

सतीशन सरकार का बड़ा फैसला

'आरटीआई' से छूट तो मिली फिर भी नहीं छिपेगा भ्रष्टाचार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम सरकार ने कहा है कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 2 विभागों को सूचना के अधिकार कानून से छूट मिलने के बावजूद भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़ी जानकारी जांच होने के बाद दी जाएगी। गृह मंत्री रमेश चेन्नीथला ने कहा कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 2विभागों को सूचना के अधिकार कानून से छूट देने का मकसद भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारी छिपाना नहीं है। सरकार का उद्देश्य जांच को प्रभावित किए बिना पारदर्शिता बनाए रखना है। सरकार सूचना के अधिकार कानून को कमजोर नहीं करना चाहती। विधायक केके वलसाराज के सवाल का जवाब देते हुए चेन्नीथला ने कहा कि जांच के दौरान संवेदनशील दस्तावेज सार्वजनिक करने से आरोपियों को फायदा मिल सकता है। इससे सबूत जुटाने और मामले की तह तक पहुंचने में भी परेशानी हो सकती है।



गडकरी ने किया बड़ा दावा

ई-20 पेट्रोल के खिलाफ 'पेड' अभियान चला, अब शोर खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने पर बताया कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने को लेकर हुआ विरोध एक पेड कैंपेन (पैसे देकर चलाया गया अभियान) था। यह बयान सरकार द्वारा 'केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989' में बदलाव की अधिसूचना जारी करने के एक दिन बाद आया है। इन बदलावों के तहत अब ऐसे 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों को अनुमति दी गई है, जो ई100 (लगभग शुद्ध इथेनॉल) तक पर चल सकते हैं। उद्योग संगठन सीआआई के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करके अपनी कीमती विदेशी मुद्रा बचा सकता है। 3 महीने पहले, ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल) ईंधन के खिलाफ काफी हंगामा किया गया था। अब ई20 ईंधन के खिलाफ सारा विरोध खत्म हो गया है। यह एक 'पेड कैंपेन' था।



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई

सवाल-कीमतों में इतना अंतर क्यों?

कैंसर की 11 हजार की दवा 1.30 लाख में, लूट का कारण तो बताएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कैंसर की दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाला एक इंजेक्शन एक मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर की कैंसर पीड़ित पत्नी को लगाया जाना था, जिनका इलाज एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में चल रहा था। डिस्ट्रीब्यूटर ने अस्पताल प्रशासन को बताया कि



वह स्वयं दवा कारोबारी हैं और यह इंजेक्शन उन्हें 11,000 में उपलब्ध हो जाता है। अस्पताल ने बाहर से लाया गया इंजेक्शन लगाने से इनकार कर दिया और उसी इंजेक्शन के लिए 1.30 लाख शुल्क वसूलने की बात कही। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या आप इस लूट का कोई उचित कारण बता सकते हैं? इतना अंतर क्यों है? कीमतों में इस अंतर का जवाब दें कोर्ट ने पूछा कि क्या अस्पतालों के पास मरीजों को इस तरह से कंट्रोल करने का अधिकार है।ड्रिप लाइन जैसी मामूली सी चीज जिसकी रिटेलर के लिए कीमत 15 रुपये, और बिक रही है 250 रुपये में, फिर डीपीसीओलागू ही क्यों है? सरकार खुद ऐसा होने दे रही है, जबकि इस मुद्दे पर तीन संसदीय समितियां बन चुकी हैं। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि हमें इसका तर्क बताएं। बताइए कि पिछले 30 सालों में भारतीय फार्मा इंडस्ट्री ने 5 नए मॉलिक्यूल कौन से विकसित किए हैं?

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ा

राज्य में कई ऐहतियाती कदम उठाए, लोगों को भी किया आगाह

ओडिशा में कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश शुरू, सेना तैनात

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने के बीच, घने बादलों से ढेके आसमान के नीचे ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारी बारिश हो रही है। ओडिशा राज्य के गंजाम जिले में स्थित गोपालपुर बंदरगाह ने एहतियाती कदम उठाए हैं। आंध्र प्रदेश की लगभग 34 मछली पकड़ने वाली नावों को बंदरगाह के भीतर सुरक्षित आश्रय दिया गया है। 29 तक समुद्र में जाने पर पूरी तरह से रोक है। हम लगातार गश्त भी कर रहे हैं। अब तक 34 मछली पकड़ने वाली नावें यहां पहुंची हैं । बंदरगाह के कर्मचारियों ने उन्हें आश्रय उपलब्ध कराया है।





मौसम विभाग ने 'बेहद गंभीर' श्रेणी की चेतावनी की जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 'अर्नब' 'बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान' के रूप में आंध्र प्रदेश के तट से टकराने वाला है। इसका लैंडफॉल बापटला और विशाखापत्तनम के बीच, यानम के करीब होने का अनुमान है। तट से टकराते समय हवा की अधिकतम गति 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जबकि झोंकों की रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया : एनडीआरएफ

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आने वाले साइक्लोन 'अर्नब' से प्रभावित होने वाले राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया गया है और स्थिति के लिए एक रणनीति फाइनल कर दिया गया है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) मोहसेन शाहेदी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि एनडीएमए के तहत एक कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स ने हिस्सा लिया।

ओडिशा में 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाएगा

'अर्नब' के पूर्वी तट की ओर बढ़ने के साथ ही ओडिशा में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने के कारण राज्य सरकार ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास तेज कर दिए है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) राजेश पी. पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार ने शाम तक निचले इलाकों और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से कम से कम 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई है।

दक्षिण मध्य रेलवे ने 11 ट्रेनें रद्द कीं

क्षिण मध्य रेलवे ने बंगाल की खाड़ी में बने अत्यंत गंभीर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर 11 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इस चक्रवात के बुधवार को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की संभावना है। दक्षिण मध्य रेलवे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को रद्द किया गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में 'गरमी'

सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए, कानून ठप

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी और द्रमुक के अध्यक्ष एमके स्टालिन के बीच अक्सर तीखी जुबानी जंग और राजनीतिक तकरार बढ़ी है।

थेनी जिला उप-जेल से 17 कैदियों के फरार होने के मामले पर दोनों नेताओं ने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं और इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी बताया है।

पलानीस्वामी ने राज्य में बढ़ते अपराधों, बच्चों के लापता होने और



हत्या की घटनाओं को लेकर स्टालिन के नेतृत्व वाली तत्कालीन कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने स्टालिन सरकार को 'विफलता का मॉडल' बताया। उन्होंने रोजगार, चेन्नई बाढ़ प्रबंधन और बढ़ते कर्ज को लेकर द्रमुक शासन को घेरा।

डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम ने नई कार्यकारिणी को सौंपे सुझाव, वकीलों के बैठने और पार्किंग की व्यवस्था सुधारने पर दिया जोर

हाईकोर्ट बार के हिसाब-किताब का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के समक्ष संघ की वित्तीय पारदर्शिता, अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था और न्यायालय परिसर के आसपास यातायात प्रबंधन सुधारने की मांग उठाई गई है। डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम के सचिव रवींद्र गुप्ता सहित एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष एवं सचिव को पत्र लिखकर इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करने और आगामी कार्यकारिणी बैठक में प्रस्तावों पर विचार के बाद साधारण सभा में जानकारी रखने का आग्रह किया है। पत्र में मांग की गई है कि 31 मार्च 2026 की स्थिति तथा नई कार्यकारिणी के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख के संदर्भ में संघ के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया जाए। इसमें सावधि जमा (एफडीआर), कर्मचारियों के वेतन, चैंबरों से मिलने वाले किराये, फोटोकापी केंद्रों, दुकानों और कैंटीनों से होने वाली आय, आजीवन सदस्यों की सदस्यता फीस, वार्षिक सदस्यता शुल्क तथा बकाया फीस का विवरण शामिल करने को कहा गया है। साथ ही अगले वित्तीय वर्ष से चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के माध्यम से लेखा परीक्षण कराने का सुझाव दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में अधिवक्ताओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। ऐसे में 500 से 1000 अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था करने की जरूरत है। इसके लिए वरिष्ठता के आधार पर स्थान उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया है। हाई कोर्ट परिसर के आसपास अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात जाम की समस्या की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया है। पत्र के अनुसार, इससे दुर्घटनाओं और विवादों की



आशंका बनी रहती है। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों और स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए बार एसोसिएशन अथवा हाई कोर्ट की ओर से पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती तथा सुबह 9:30 से शाम 5 बजे तक पर्याप्त पुलिस बल और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था करने की मांग की गई है। पत्र के माध्यम से नई कार्यकारिणी से इन प्रस्तावों पर विचार कर उचित निर्णय लेने और सदस्यों के समक्ष कार्रवाई का विवरण रखने का आग्रह किया गया है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने दायर की जनहित याचिका

बैलेंसिंग राक के संरक्षण की मांग हाई कोर्ट पहुंची

एएसआई की संरक्षित सूची और यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास की भी मांग

जबलपुर। संस्कारधानी की प्राकृतिक धरोहर बैलेंसिंग राक की उपेक्षा और जमीन के स्वामित्व का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मदनमहल की पहाड़ियों पर स्थित इस विशिष्ट प्राकृतिक चट्टान के संरक्षण और संबंधित जमीन का स्वामित्व राज्य सरकार के नाम दर्ज कराने की मांग को लेकर याचिका दायर की है। मामले पर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है। जनहित याचिका में केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश शासन, जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त जबलपुर और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पक्षकार बनाया गया है। मंच की ओर से अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि बैलेंसिंग राक मदनमहल किले से लगभग 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। यह अपनी विशिष्ट भूवैज्ञानिक संरचना के कारण जबलपुर की पहचान बनी हुई है। याचिकाकर्ता ने तमिलनाडु के महाबलिपुरम स्थित कृष्णा बटरबाल का उदाहरण देते हुए कहा है कि विशिष्ट प्राकृतिक चट्टानों को संरक्षित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं। इसी आधार पर बैलेंसिंग राक को संरक्षित विरासत स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। बैलेंसिंग राक को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित सूची में शामिल करने तथा यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान दिलाने की दिशा में आवश्यक प्रयास करने की मांग की गई है। जनहित याचिका में भू-विरासत स्थलों और भू-अवशेषों के संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रविधानों के तहत कार्रवाई का भी आग्रह किया गया है।

हाईकोर्ट से दो उम्मीदवारों को राहत

आरक्षक चालक भर्ती में तीन साल की आयु छूट पर विवाद

कर्मचारी चयन मंडल सहित संबंधित पक्षों को नोटिस, परिणाम अंतिम फैसले के अधीन

जबलपुर। प्रदेश में आरक्षक (चालक) भर्ती की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की अतिरिक्त छूट का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने दो याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए भर्ती परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की। हालांकि, उनके परीक्षा परिणाम हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। न्यायालय ने कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) सहित संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी गोकुल शर्मा व सतना के रोमेश सिंह बघेल वर्तमान में पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। रोमेश सिंह बघेल की उम्र लगभग 39 वर्ष आठ माह और गोकुल शर्मा की उम्र करीब 40 वर्ष है। दोनों की ओर से तर्क दिया गया कि आरक्षक चालक के पदों पर लगभग दस साल बाद भर्ती का विज्ञापन जारी हुआ है। लंबे अंतराल के कारण वे निर्धारित अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके हैं, जबकि शैक्षणिक और शारीरिक योग्यता की अन्य शर्तें पूरी करते हैं। ऐसे में केवल आयु अधिक होने के आधार पर उन्हें भर्ती प्रक्रिया से बाहर करना उचित नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने सामान्य प्रशासन विभाग के 18 सितंबर, 2022 के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना महामारी के कारण प्रभावित भर्तियों को देखते हुए सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी गई थी। उनका तर्क है कि आरक्षक चालक की मौजूदा भर्ती में भी इस छूट का लाभ मिलना चाहिए। याचिका में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग, पुलिस मुख्यालय और कर्मचारी चयन मंडल को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती विज्ञापन में निर्धारित आयु सीमा में राहत देने की मांग की है।

एल्गिन अस्पताल में एलआईएसए तकनीक से गंभीर नवजात का सफल उपचार

जबलपुर। रानी दुर्गावती महिला चिकित्सालय (एल्गिन अस्पताल) की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में समय से पहले जन्मे गंभीर नवजात शिशु का आधुनिक एलआईएसए तकनीक से सफल उपचार किया गया। कम वजन और सांस लेने में गंभीर परेशानी से जूझ रहे शिशु को इस तकनीक की मदद से वेंटिलेटर पर रखे बिना उपचार दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसे नवजात शिशुओं के इलाज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार, एसएनसीयू में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजया जायसवाल ने नर्सिंग ऑफिसर हेमलता और नूतन सहित चिकित्सा टीम के साथ मिलकर यह उपचार किया। नवजात को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम यानी सांस लेने में गंभीर परेशानी थी। समय से पहले जन्मे बच्चों में फेफड़ों के पूरी तरह विकसित नहीं होने और सर्फैक्टेंट की कमी के कारण ऐसी समस्या हो सकती है।

क्या है एलआईएसए तकनीक

एलआईएसए यानी लेस इनवेसिव सर्फैक्टेंट एडमिनिस्ट्रेशन नवजात शिशुओं, विशेषकर समय से पहले जन्मे बच्चों के फेफड़ों की समस्या के उपचार की एक आधुनिक विधि है। इसमें एक पतली कैथेटर के माध्यम से सर्फैक्टेंट दवा फेफड़ों तक पहुंचाई जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान बच्चा स्वयं सांस लेता रहता है। पारंपरिक उपचार में कई बार दवा देने के लिए श्वास नली के जरिए वेंटिलेशन की जरूरत पड़ सकती है।

फेफड़ों पर दबाव कम करने में मददगार

एलआईएसए तकनीक का उद्देश्य नवजात को अनावश्यक रूप से मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखने की जरूरत कम करना है। इससे फेफड़ों को वेंटिलेटर से होने वाली संभावित चोट का जोखिम घटाने में मदद मिल सकती है। हालांकि, उपचार का तरीका शिशु की स्थिति और चिकित्सकीय जरूरतों के अनुसार तय किया जाता है।

बलराम कृषि महोत्सव में किसानों को दी गई आधुनिक खेती, प्राकृतिक कृषि और पशुपालन की जानकारी

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने किए जा रहे प्रयास : मुख्यमंत्री

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बलराम का स्मरण करते हुए कहा कि खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए कृषि के साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा देना जरूरी है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और कृषि आधारित उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत आज कृषि उपज मंडी परिसर में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने जबलपुर की कृषि विशेषताओं का उल्लेख करते हुए मटर, सिंघाड़ा और अन्य कृषि उत्पादों की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण को भी महत्वपूर्ण बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषि के साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुपालन को भी प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने पशुपालन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध कराने और उन्हें गोपालन के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाएंगे। किसानों के घरों में शुद्ध दूध और दही उपलब्ध हो तथा प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा मिलेए इस दिशा में भी सहभागिता आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर में फूड पार्क और औद्योगिक गतिविधियों के विकास की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय से किसानों को अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार मिल सकता है। उन्होंने ने प्रगतिशील किसानों को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदू, नीरज सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह बघेल, महामंत्री पंकज दुबे, सोनू बचवानी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिनव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गेहलोत, अनुविभागीय अधिकारी अधारताल मदन सिंह रघुवंशी, कृषि उप संचालक उमेश कटहरे एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी किसानों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसानों को शासन की योजनाओं और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। किसानों को बेहतर बाजार, सुविधायुक्त मंडियां और अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और प्राकृतिक उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में विधायक डॉ. अभिलाष पांडे भी वर्चुअली जुड़े थे।

दूसरी लड़की के चक्कर में गर्भवती बेगम को दिया तीन तलाक

जबलपुर। बेलबाग थाना अंतर्गत कदम तलैया में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया गया है कि आरोपी पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक बोलते हुए घर पर रहने से मना कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कदम तलैया निवासी 30 वर्षीय श्रीमति शबनम ने बेलबाग थाने में लिखित शिकायत की, कि उसका निकाह गत 7 जनवरी 2025 को बड़ी मदार टेकरी खाई मोहल्ला निवासी इमरान से हुयी थी वर्तमान में वह 6 माह की गर्भवती है शादी के एक माह बाद से पति इमरान दूसरी लड़की के चक्कर में उसके साथ झगड़ा करता था। गत 23 अक्टूबर को दोपहर में उसका पति आया और कमरे की चाबी की बात पर उसके साथ मारपीट करने लगा तथा मायके से कम दहेज नहीं मिलने की बात पर तीन बार तलाक कहते हुए उसे तलाक दे दिया तथा उसे घर में रहने से मना कर दिया पति दूसरी लड़की के चक्कर में तथा दहेज में मोटर सायकल न मिलने से लगातार प्रताड़ित किया है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 85 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 4 मुस्लिम महिला अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

लाठी-डंडों और चाकू से किया हमला, एक नाबालिग सहित सात आरोपी गिरफ्तार

भंडारे में विवाद के बाद खूनी संघर्ष, घायल युवक की मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी थाना क्षेत्र के आजाद नगर गोकलपुर में देवी मंदिर में भंडारे के दौरान शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। लाठी-डंडों और चाकू से किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल पारस यादव की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में छह वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ एक विधि विवादित बालक को अभिरक्षा में लिया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक चाइना चाकू और पांच लाठी-डंडे जब्त किए गए हैं।

तेज रफ्तार से निकलने की बात पर विवाद

पुलिस के अनुसार घटना 25 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे की है। आजाद नगर गोकलपुर स्थित देवी मंदिर में भंडारा चल रहा था। इसी दौरान समीर वंशकार का पुत्र एक साथी के साथ वहां से निकल रहा था। उनके तेज गति से निकलने की बात पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर समीर वंशकार अपने परिवार के सदस्यों और साथियों के साथ मौके पर पहुंचा। आरोप है कि इसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में पारस यादव, रविशंकर गोटिया सहित कई लोग घायल हुए।

उपचार के दौरान पारस की मौत

घायल पारस यादव के सिर में लाठी से गंभीर चोट आई थी। उन्हें पहले आशीष हॉस्पिटल और फिर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 26 अक्टूबर को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर दर्ज प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 109(1) का इजाफा किया।

पुलिस कप्तान के निर्देश पर कार्रवाई

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी मनीष भारद्वाज और सीएसपी सतीश कुमार साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उमेश गोलानी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने समीर वंशकार, अभिषेक उर्फ बबला वंशकार, रोहित वंशकार, आकाश वंशकार, शालिनी वंशकार, धांधू वंशकार और एक विधि विवादित बालक को पकड़ा। कार्रवाई में उपनिरीक्षक रविंद्र डूडवा, एएसआई मनीष जाटव सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खेलते-खेलते घर से निकले 4 साल के ध्रुव का शव तालाब में मिला

जबलपुर। बरेला की गौर चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालीवाड़ा (गौर) में घर से खेलते-खेलते निकले चार वर्षीय मासूम ध्रुव गौड़ का शव मंगलवार सुबह गांव के तालाब में उतराता मिला। सोमवार दोपहर से लापता बच्चे की तलाश में परिजन और पुलिस जुटे हुए थे। मंगलवार सुबह शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, 4 वर्षीय ध्रुव गौड़, पिता रवि गौड़, सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घर से खेलते हुए निकल गया था। उस समय उसकी दो वर्षीय छोटी बहन घर पर थी। मजदूरी से लौटने पर पिता ने ध्रुव को घर में नहीं पाया। इसके बाद परिजनों ने मोहल्ले और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद गौर चौकी में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गौर चौकी प्रभारी नितिन पांडे के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे स्थानीय लोगों ने तालाब में एक बच्चे का शव उतराते देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पहचान ध्रुव गौड़ के रूप में होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीएम हेल्पलाइन से लेकर साइबर अपराधों तक की संभागवार समीक्षा, ई-जीरो एफआईआर और 60/90 दिन से लंबित चालानों पर विशेष जोर

लंबित अपराधों और शिकायतों के निराकरण में देरी बर्दाश्त नहीं - पुलिस कप्तान

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने लंबित अपराधों और शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारियों को शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करना होगा। मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समीक्षा बैठक में कप्तान ने पूर्व में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई का संभागवार जायजा लिया और विभिन्न मामलों में प्रगति की समीक्षा की।

सीएम हेल्पलाइन और शिकायतों के निराकरण पर जोर

कप्तान उपाध्याय ने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राप्त शिकायतों, लंबित मामलों और जांच के बाद निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित जांचों को शीघ्र पूरा कर शिकायतों का समय पर निराकरण किया जाए। महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, विवेचना पूरी करने और नियमानुसार चालान पेश करने के निर्देश भी दिए गए।



हत्या, लूट और संपत्ति संबंधी अपराधों की समीक्षा

बैठक में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी, एससी-एसटी एक्ट तथा महिला संबंधी अपराधों सहित थानावार लंबित गंभीर मामलों की समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित संपत्ति संबंधी अपराधों में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी और चोरी गई संपत्ति की बरामदगी के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की भी समीक्षा की गई।

सीसीटीएनएस और डिजिटल पुलिसिंग पर फोकस

सीसीटीएनएस के अंतर्गत ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-एफआईआर, ई-चालान और ई-समंस की प्रगति की समीक्षा करते हुए कप्तान ने अधिकारियों से तकनीकी कार्यों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली। सीसीटीएनएस प्रभारियों से समन्वय कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ई-जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर की जांच एवं निराकरण में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा गया कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। 60 और 90 दिन से लंबित चालानों तथा ई-साक्ष्य की मॉनिटरिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कप्तान ने त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को जल्द राहत मिल सके।

कार्बाइड गन पर प्रतिबंध का पालन कराएं

कप्तान उपाध्याय ने कार्बाइड गन की बिक्री, वितरण और प्रदर्शन पर प्रतिबंध संबंधी जिला प्रशासन के आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित गतिविधियां सामने आने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में कप्तान ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को लंबित जांचों और अपराधों के निराकरण में तेजी लाने, शिकायतों की नियमित समीक्षा करने तथा पूर्व में जारी निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

यह रहे उपस्थित

बैठक में एएसपी शहर डॉ. आयुष जाखड़, ग्रामीण एएसपी अनु बेनीवाल, जोन-4 एएसपी पल्लवी शुक्ला, जोन-5 एएसपी अंजना तिवारी और यातायात एएसपी अखिलेश तिवारी सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

लार्डगंज कछियाना में वारदात से दहशत का माहौल

पहले चाकू मारा फिर चला दी गोली

जबलपुर। लार्डगंज थाना क्षेत्र के कछियाना इलाके में सोमवार देर रात शराब पीने के लिए पैसे देने से इनकार करने पर बदमाशों ने एक युवक पर पहले चाकू से हमला किया उसके बाद पिस्तौल से फायर कर दिया, गोली युवक के घुटने में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के अनुसार, कछियाना निवासी तरुण मिर्गे से सोमवार रात करीब 11:30 बजे कुछ बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे। तरुण ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों से उसका विवाद हो गया। आरोपियों ने पहले तरुण पर चाकू से वार किए और फिर पिस्तौल से गोली चला दी। गोली उसके घुटने में लगी,



जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल तरुण को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, गोली उसके पैर में फंसी थी, जिसे ऑपरेशन कर निकाला गया। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान और उनकी तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दिगम्बर जैन मंदिर झंडा बाजार में जैन समाज ने किया सम्मान समारोह





सिहोरा। सकल जैन समाज द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर झंडा बाजार सिहोरा के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे के मुख्य आतिथ्य,जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, गोपाल सिंह ठाकुर,प्रमोद साहू एवं किशन लाल साहू के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की जन्म जयंती,आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज एवं आर्यिका गणिनी 105 श्री ज्ञानमति माता जी का अवतरण दिवस,नगर गौरव निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री प्रसाद सागर जी महाराज का 30 वाँ दीक्षा दिवस पर आयोजित किया गया। जिसमें जैन समाज के बच्चों,महिलाओं एवं युवाओं द्वारा धर्म की महिमा एवं जैन मुनियों के जीवन पर शानदार प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर जैन पंचायत सभा सिहोरा द्वारा नव निर्मित विद्या प्रसाद संत भवन के निर्माण में सहयोग देने वाले पुण्यार्जकों, समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज के अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सन्मति जैन,ऋषभ जैन,सुनील जैन,संजय जैन, विनय जैन,विमल जैन,विमलेश जैन, एड संजय जैन, अनिल जैन,अरुण सिंघई,आकाश जैन,सतेंद्र जैन,आनंद प्रकाश जैन, अरुण जैन, मुलायम चंद जैन, सुधीर जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों निर्मल चंद जैन, माणिकचंद जैन द्वारा सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री ऋषभ जैन और आभार प्रदर्शन अध्यक्ष सन्मति जैन ने किया।



इशिता विश्वकर्मा के सुरों से सजा बरेला महोत्सव, प्रतिभाएं सम्मानित

बरेला। नगर गौरव दिवस 'बरेला महोत्सव 2026' विधायक सुशील इंदु तिवारी के मुख्य आतिथ्य में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायिका इशिता विश्वकर्मा और नृत्यांगना अंकिता गिनारा की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।महोत्सव में सिद्धपीठ दादा मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले परिवारों, नेत्रदान करने वाले दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच दुर्गा समितियों को सम्मानित किया गया। स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में माया इंदु तिवारी, हर्ष इंदु तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, सीएमओ संजय पांडे, उपयंत्री संजय कैथवास तथा पार्षद पिंकी प्रीतम पटेल, शारदा बर्मन, दिव्या जैन, रामवती चक्रवर्ती, ममता बर्मन, दीपेश पटेल, प्रकाश चक्रवर्ती, दीपक सोनकर, दिनेश सिंह पटेल एवं श्रीकांत उपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महोत्सव में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक सेवा और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

पिसनहारी मढ़िया में 1008 दीपों से की विश्व शांति की कामना



जबलपुर। श्री पिसनहारी मढ़िया जी तीर्थ में गुरु उपकार दिवस पर आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज एवं वर्तमान आचार्य समयसागर जी महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्व शांति के लिए गुरुचरणों में 1008 दीप अर्पित किए गए। प्रातः 8 बजे से प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी आशुतोष भैया एवं ब्रह्मचारिणी बबली दीदी के सानिध्य में महावीर मंदिर में अभिषेक, पूजन, शांतिधारा एवं आचार्य छत्तीसी विधान संपन्न हुआ। सायंकालीन कार्यक्रम में भजन गायिका संगीता जैन, साधना जैन, शशांक जैन एवं हर्ष जैन ने गुरु भक्ति के भजनों से वातावरण भक्तिमय बनाया। अमित पढ़रिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। नगर की महिला परिषदों की सदस्याओं ने जैनेंद्र भक्ति नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेंद्र जैन मम्मा, उपाध्यक्ष संजय चौधरी, प्रधानमंत्री संजय अरिहंत, कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड, राजेंद्र जैन राजू साइकिल, कैलाश चंद्र मट्टू भैया सहित समस्त ट्रस्टी उपस्थित रहे।

धान पराली निस्तारण पर शासन के आदेश से भड़के किसान

प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

सिहोरा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष एड रमेश पटेल के नेतृत्व किसानों ने प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री व कलेक्टर के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर किसानों की समस्या के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पटैल ने केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार को आढ़े हाथ लेते हुए कहा की खेती को लाभ का धंधा बनाने सरकार की कथनी एंव करनी में जमीन आसमान का अंतर है बोनी से फसल के विक्रय तक किसान खून के आंसु पीने मजबूर हे। बोनी के लिऐ खाद एंव बिजली से उपार्जन तक किसान केवल कम्प्यूटर सेंटर एंव सरकारी महकमे के बीच घनचक्कर बन कर रह गया है।



यह थी मुख्य मांगे

किसान यूनियन ने ज्ञापन के माध्यम से, वर्षों से लंबित एम एसपी गारंटी ही 2 +50 प्रतिशत सभी फसलों पर लागू करने कर्ज माफी, किसान पेंशन, फसल बीमा पर सुधार करने बिजली के निजीकरण बीज विधेयक 2025, अमेरिका के साथ कृषि उत्पात एवं डेयरी से संबंधित डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की।इसके अलावा स्थानीय समस्योओं में धान पराली निस्तारण के संबंध में शासन द्वारा कोई भी तकनीकि मदद न करते हुए पराली जलाने पर शत प्रतिबंध लगाया है तथा प्रकरण पंजीबद्ध कराये जाने के निर्देश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने फेल ट्रांस्फार्मरों का समय से बदलने नहरों के मॅन्टेनेन्स एवं सुधार कार्य कराये जाने की मांग की है

ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन के दौरान एड रामगोपाल पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, जितेन्द्र कुमार कुर्मी, बिहारी पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, अशोक पटेल, के के पटेल, राजेश पटेल, एड दिलीप पटेल, संत कुमार पटेल, प्रमोद पटेल, अकलेश पटेल, रणजीत पटेल, बीरेंद्र पटेल, अमरजीत पटेल गंगाराम पटेल अजीत पटेल, रोहित पटेल, अनिल पटेल, रघुवर पटेल, जागेश्वर पटेल, ओमकार पटेल, सुनील पटेल, अमित पटेल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



पौराणिक और बॉलीवुड थीम पर सजा गरबा, महिलाओं ने बांधा समां

जबलपुर। डीवा एवं डैजलिंग डीवा क्लब का गरबा उत्सव शॉन एलिजे में धूमधाम से संपन्न हुआ। पौराणिक और बॉलीवुड थीम पर आकर्षक परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा-डांडिया प्रस्तुतियों से समां बांधा। स्टॉल्स और मनोरंजक गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। क्लब प्रेसिडेंट प्रियांका कलचुरी अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना रहा। आयोजन में डैजलिंग डीवा क्लब की डायरेक्टर्स एनी मक्कर, विशेखा मुक्कर, दामिनी भनोट, चेताली शाह, पिंकी अग्रवाल, अंकिता मोहबे, रिचा अग्रवाल, मेघा लांबा, अलका जगवानी, रितिका सदाना एवं रिचा भाम्बरी शामिल रहीं। डीवा क्लब से अल्पना परिहार, नम्रता विश्वकर्मा, कोमल अडनानी, एकता सिंह ठाकुर, नीतू शाह, मनीषा श्रीवास्तव और जूही दत्त उपस्थित रहीं। मालविका भनोट, यामिनी अन्नू सिंह, सुनीता भंडारी, नीना चंडोक, नीरू अग्रवाल, अमृशा देशमुख, शिखा खटवानी और प्रीति शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता की।

नगर निगम जनसुनवाई में 38 आवेदन, निराकरण के निर्देश

जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की 38 शिकायतें प्राप्त हुईं। निगमायुक्त अग्रिम कुमार के निर्देश पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, सौरभ मिश्रा एवं उपायुक्त वेद प्रकाश चौधरी ने सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मामलों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। प्राप्त शिकायतों में अतिक्रमण विभाग की 12, कॉलोनी सेल की 6, भवन शाखा की 5, योजना शाखा की 4 और जल विभाग की 3 शिकायतें शामिल थीं। इसके अलावा लोक निर्माण, बाजार, प्रकाश, पीएम आवास योजना, स्थापना, कार्यालय अधीक्षक तथा संभाग क्रमांक 10 एवं 14 से संबंधित एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



मूलभूत सुविधाओं की कमी पर निगमायुक्त से जवाब तलब

जबलपुर। रांझी के महर्षि सुदर्शन वार्ड में पेयजल, सफाई और जर्जर सड़कों की समस्या पर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त, जबलपुर से जांच कराकर एक सप्ताह में कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वार्डवासी सुबह-शाम पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नालियों के ऊपर से पेयजल लाइन गुजरने, जगह-जगह कचरे के ढेर और बदहाल सड़कों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मुख्यपीठ भोपाल में अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया इसे मानवाधिकार हनन का मामला मानते हुए यह निर्देश दिए हैं।

सीमेंट कंपनी पर अवैध खनन के आरोप, कार्रवाई की मांग

जबलपुर। एसीसी सीमेंट कैमोर के विरुद्ध अवैध खनन और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। महंत मनजीत गिरी गोस्वामी, विशाल नामदेव, नूर मोहम्मद एवं गुलाम मोहम्मद ने आरोप लगाया कि कंपनी ने विभिन्न न्यायालयों में चल रही कार्यवाहियों के दौरान वैध खनन पट्टे के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। आरोप लगाने वालों के अनुसार, हाईकोर्ट में WP No. 7979/2017 में कथित फर्जी लीज दस्तावेज प्रस्तुत कर राहत प्राप्त करने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वैध खनन पट्टे के अभाव में खनन जारी है, जिससे शासन को राजस्व की क्षति हो रही है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा संबंधित कंपनी का पक्ष उपलब्ध नहीं है। मामले में तथ्यों की जांच और नियमानुसार कार्रवाई आवश्यक है।



करवा चौथ पर परंपराओं का सम्मान, स्वदेशी खरीदारी का संदेश

जबलपुर। भारतीय संस्कृति की खूबसूरती विविध परंपराओं और पारिवारिक रिश्तों में है। विवाह के बाद भी मायके की परंपराओं को निभाने की स्वतंत्रता और ससुराल में सम्मान मिलना पारिवारिक सामंजस्य की मिसाल है। करवा चौथ के अवसर पर विशाखा गुप्ता, श्वेता अरोड़ा और दीपक सेठी ने त्योहारों को आपसी सम्मान एवं एकता का प्रतीक बताया।उन्होंने कहा कि त्योहारों की खुशियां स्थानीय बाजारों और व्यापारियों के साथ साझा करनी चाहिए। करवा चौथ सहित अन्य त्योहारों पर मोहल्ले की दुकानों और शहर के बाजारों से खरीदारी कर मेड इन इंडिया उत्पादों को प्राथमिकता दें। इससे स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।

27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट में सरकार की याचिका में 10 खामियां, तीन कैविएट भी दाखिल

रजिस्ट्री ने दस्तावेजों में तकनीकी कमियां दूर करने के लिए किया चिह्नित

जबलपुर। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद अब याचिका की तकनीकी खामियों को लेकर चर्चा में है। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है। ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, याचिका डायरी में सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 22 अक्टूबर को 10 डिफाल्ट चिह्नित किए। इस बीच मामले में तीन कैविएट दाखिल किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

दस्तावेजों में कमियां दूर करने पर जोर

ओबीसी एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने 26 अक्टूबर को जारी पत्र में कहा कि सरकार की अपील दाखिल होने के बाद से ही डिफाल्ट में है। उनके अनुसार, रजिस्ट्री ने याचिका, आवेदनों और संलग्न दस्तावेजों को स्पष्ट, पठनीय तथा कागज के एक तरफ डबल स्पेस में टाइप करने संबंधी आपत्तियां दर्ज की हैं। एसोसिएशन का आरोप है कि सरकार ने अब तक इन कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी पहल नहीं की है।

मामले में यूथ फॉर इक्वेलिटी संगठन, सत्यम नंदन और रितु बड़ोले की ओर से कैविएट दाखिल की गई हैं । कैविएट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण संबंधी फैसले पर रोक लगाने या अंतरिम आदेश पारित करने से पहले संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर मिले। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार को हाईकोर्ट के फैसले का स्वतंत्र विधि विशेषज्ञों से अध्ययन कराकर पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसाओं के आधार पर नया कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में अपील करने से ओबीसी आरक्षण का मुद्दा लंबा खिंचने की आशंका है। एसोसिएशन ने सरकार को विधायी और संवैधानिक विकल्प अपनाने की सलाह दी है।

हाईकोर्ट ने 14 प्रतिशत आरक्षण रखने के दिए थे निर्देश

हाईकोर्ट ने नौ अक्टूबर 2026 को 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण संबंधी प्रावधान को असंवैधानिक ठहराते हुए 14 प्रतिशत आरक्षण लागू रखने के निर्देश दिए थे। साथ ही 13 प्रतिशत रोके गए पदों को अनारक्षित वर्ग से भरने की प्रक्रिया तीन महीने में पूरी करने को कहा था। अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका की आगे की प्रक्रिया रजिस्ट्री की आपत्तियां दूर किए जाने और मामले की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने पर निर्भर करेगी।

श्री कन्हैया लाल रघुवंशी- कछपुरा गणेश नगर निवासी श्री उदयराम रघुवंशी के पुत्र श्री कन्हैया लाल रघुवंशी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनोद नेहरा- चावला अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री विनोद नेहरा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री बाल मुकुंद तिवारी- सुहागी निवासी श्री बाल मुकुंद तिवारी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती मुन्नी बाई चौहान- खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री रोशन लाल चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चौहान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शिव प्रसाद त्रिपाठी- शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री शिव प्रसाद त्रिपाठी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विमल बघेल- खेरमाई गेट नं. 2 के पास निवासी श्री विमल बघेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रभात विश्वास- मदनमहल गुलाटी पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री प्रभात विश्वास (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गिरधारी लाल खुबानी- सिंधी कैंप मदार टेकरी रोड निवासी श्री गिरधारी लाल खुबानी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री निशांत दीक्षित- एमआईजी 198, धनवंतरी नगर निवासी श्री अशोक कुमार दीक्षित के पुत्र श्री निशांत दीक्षित (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री आशीष पाठक- बस्ती नं. 1 सुभाष नगर निवासी श्री हरी किशन पाठक के पुत्र श्री आशीष पाठक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती पुष्पा खरे- विजय नगर निवासी श्री राघव खरे की धर्मपत्नी



श्रीमती पुष्पा खरे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया- रामहरख का बगीचा कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री मुन्नी लाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई सोंधिया (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती मीरा बाई करोसिया- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रमेश करोसिया की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई करोसिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश यादव- छोटी ओमती पुल के पास निवासी श्री राजेश यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती आशा वैद्य- कंचनपुर अधारताल निवासी श्री हीरा लाल वैद्य की धर्मपत्नी श्रीमती आशा वैद्य (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मूलचंद सोनी- मदर टेरेसा नगर निवासी श्री मूलचंद सोनी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

जियांश मेहरचंदानी- साउथ सिविल लाइन नवयुग कॉलेज के पास निवासी श्री राजेश मेहरचंदानी के अल्पायु पुत्र जियांश का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री पारस यादव- कंचनपुर तीन पुलिया के पास अधारताल निवासी श्री पारस यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कौशल्या मूलचंदानी- नवल उत्कर्ष बिलहरी निवासी श्री नंदलाल मूलचंदानी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या मूलचंदानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. सीमा पासी- दत्त मंदिर के पास गोल बाजार निवासी श्री मिश्री लाल पासी की पुत्री कु. सीमा पासी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्यापन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति अवसर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

नजारा टेक्नोलॉजीज दूसरी तिमाही में मुनाफे में लौटी

नई दिल्ली। गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब 35.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में करीब 34 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने इस दौरान राजस्व के लिहाज से रिकॉर्ड तिमाही दर्ज की। वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 803 करोड़ रुपये हो गया। कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) 93 प्रतिशत बढ़कर 120 करोड़ रुपये रही।

पाक के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर बढ़ाकर 12 प्रतिशत की



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर 0.50 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दी। अप्रैल के बाद यह पहली बार है जब दर में बढ़ोतरी की गई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बयान में कहा कि यह फैसला 10 में से नौ सदस्यों के बहुमत से लिया गया। समिति ने पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने और निकट भविष्य में इसके समाधान की कम संभावना का हवाला देते हुए कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

बागची ने एचडीएफसी बैंक के सीईओ का पद संभाला

नई दिल्ली। अनूप बागची ने देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उनके पूर्ववर्ती शशिधर जगदीशन ने अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद सोमवार को पद छोड़ दिया।

माइक्रोसॉफ्ट की कर्मियों को 'स्वैच्छिक' नौकरी छोड़ने की पेशकश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में पात्र कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक रूप से नौकरी छोड़ने की योजना पेश की। इसके तहत कंपनी छोड़ने का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को वित्तीय सहायता और करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

माइक्रोसॉफ्ट की कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एमी कोलमैन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यह योजना चारों देशों में चुनिंदा टीमों के उन कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका आंतरिक नौकरी ग्रेड 70 या उससे नीचे है। कंपनी में वैश्विक स्तर पर करीब 60,000 कर्मचारी ''स्वैच्छिक निकासी पेशकश'' (वीईओ) के पात्र हैं।

भारत में है 23,000 कर्मचारी

भारत में माइक्रोसॉफ्ट के लगभग 23,000 कर्मचारी हैं लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि देश में योजना के लिए पात्र कर्मचारियों की संख्या कितनी है। सूत्रों के मुताबिक, भारत में पात्र कर्मचारियों को इस प्रस्ताव पर फैसला करने के लिए एक दिसंबर तक का समय मिलेगा।

- भारत के अलावा तीन अन्य देशों के कर्मियों के लिए पेशकश
- कंपनी वैश्विक स्तर पर 60,000 कर्मचारियों को वीईओ का ऑफर देगी



योजना सभी विभागों में समान रूप से लागू नहीं होगी

संबंधित इकाइयों को भी कारोबारी जरूरतों के हिसाब से अपने कर्मचारियों की संख्या और संरचना में बदलाव करने का विकल्प मिलेगा। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने स्पष्ट किया है कि यह योजना उसके सभी विभागों में समान रूप से लागू नहीं होगी। शर्तों के बारे में ईमेल से सूचना दी जाएगी इसमें भागीदारी संबंधित कारोबार की प्राथमिकताओं, ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धताओं और कर्मचारियों की जरूरतों पर निर्भर करेगी। ब्लॉग पोस्ट के मुताबिक, योजना के पात्र कर्मचारियों को प्रस्ताव की शर्तों के बारे में ईमेल के जरिये सूचना दी जाएगी। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी भारत में प्रतिभा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश जारी रखे हुए है।

कंपनी एआई ढांचे में निवेश के लिए प्रतिबद्ध

कंपनी ने 2025 से 2029 के दौरान क्लाउड और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और परिचालन के लिए 20.5 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी 2030 तक भारत में दो करोड़ लोगों को एआई कौशल से लैस करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

ये कर्मचारी होंगे पात्र

रिपोर्टों के मुताबिक एआई एक्सपीरिएंस,को पायलट, फाइनेंस,ह्यूमैन रिर्सोसेज, एक्सबॉक्स और विंडोज + डिवाइसेज जैसे विभागों के कुछ कर्मचारी पात्र हो सकते हैं.वहीं मार्केटिंग, कॉर्मशियल बिजनेस और सिक्योरिटी जैसे विभागों को कार्यक्रम से बाहर रखे जाने की जानकारी सामने आई है.पात्र कर्मचारियों को कंपनी की ओर से ईमेल भेजकर ऑफर की शर्तें बताई जाएंगी।

नौकरी छोड़ने पर पैसा मिलेगा

रिपोर्ट के अनुसार यह पैकेज सामान्य सेवरेंस व्यवस्था जैसा हो सकता है.इसके तहत कर्मचारी को सेवा के प्रत्येक पूरे वर्ष के बदले एक महीने की बेसिक सैलरी के बराबर राशि मिलने की बात सामने आई है.इसके अलावा हेल्थ इंश्योरेंस और करियर ट्रांजिशन से जुड़ी सहायता भी मिल सकती है.उदाहरण के लिए अगर किसी कर्मचारी की मासिक बेसिक सैलरी एक लाख रुपये है और उसने कंपनी में पांच साल पूरे किए हैं तो इस गणना के आधार पर पांच लाख रुपये बनते हैं।

दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री

ईंधन में एथेनॉल मिश्रण 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की फिलहाल कोई योजना नहीं : पुरी

एजेंसी ▶▶ पणजी

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बातचीत के दौरान पुरी ने यह भी दावा किया कि जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

पुरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर गलत जानकारी एक ''मनगढंत कहानी'' है। ई20 ईंधन को लेकर जारी चर्चाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जहां तक जैव ईंधन का सवाल है... हां, एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य 20 प्रतिशत था और फिलहाल इसे 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई इच्छा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते में घाटे का प्रमुख कारण

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दिया जा रहा

सरकार आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की अपनी रणनीति के तहत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है। आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते के घाटे के प्रमुख कारणों में से एक है। देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है।

- जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही
- ई20 में 20 फीसदी एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है



सोशल मीडिया की पोस्ट देखी

'अनुसंधान से व्यावसायीकरण तक ऊर्जा नवाचार को गति देना' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में किया गया। इसका आयोजन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कर रहा है। पुरी ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' देखी थी, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन बंद पड़ गए हैं और उनमें खराबी आ रही है।

2003 से पहले बने वाहनों में कुछ समस्या थी

इससे यह संकेत मिलता था कि सरकार ने मिश्रित ईंधन की बिक्री बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि ई20 मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल इसके अनुरूप बने वाहनों के लिए है। उन्होंने कहा, ''2003 से पहले बने पुराने वाहनों में कुछ समस्या थी।''

सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपए की बचत हुई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल की शुरुआत से केंद्र सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई, जिसमें से 1,40,000 करोड़ रुपये किसानों को वापस दिए गए। उन्होंने कहा, ''किसान अन्नदाता (भोजन देने वाले) से ऊर्जादाता (ऊर्जा देने वाले) बन गए हैं।''

इंजन को नुकसान पहुंचने की बात गलत

ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने वालों की ओर से बताई गई समस्याओं के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा, ''मुझे लगता है कि मिश्रित ईंधन के परिवहन में समस्या थी। इसके परिवहन में इस्तेमाल होने वाले टैंकरों का उपयोग अन्य चीजों के लिए भी किया जाता था।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक इंजन को नुकसान पहुंचने की बात है, किसी ने यह दावा किया था और संबंधित वाहन निर्माता ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया है।'' भारत ने पश्चिम एशिया संकट के दौरान एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ आयात के स्रोतों की संख्या 27 से बढ़ाकर 41 की। पुरी ने यह भी कहा कि देश की तेल शोधन क्षमता 2030 तक बढ़कर 30 करोड़ टन सालाना होने की उम्मीद है।

जीएसटी पंजीकरण, कर मांग और निर्यात भुगतान पर परिपत्र जारी

सीबीआईसी ने जारी किए आठ परिपत्र



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जीएसटी पंजीकरण, कर मांग और निर्यात भुगतान सहित विभिन्न मुद्दों पर आठ परिपत्र जारी किए हैं। इनका उद्देश्य कर अनुपालन की प्रक्रिया को आसान बनाना, कर अधिकारियों के कामकाज में एकरूपता लाना और करदाताओं को प्रक्रियागत स्पष्टता देना है। ये परिपत्र इस महीने की शुरुआत में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुरूप जारी किए गए हैं। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाला अंतिम निकाय जीएसटी परिषद है।

एआई-मानवीय निगरानी अनिवार्य की गई

बोर्ड ने कर निर्धारण संबंधी न्यायनिर्णयन प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) और अन्य प्रौद्योगिकी साधनों के इस्तेमाल पर मानवीय निगरानी अनिवार्य की है। एआई से मिली जानकारी पर भरोसा करने या उसे आदेश में शामिल करने से पहले उसकी सटीकता का स्वतंत्र सत्यापन करना होगा।

समायोजन व्यवस्था को मान्यता दी गई

निर्यातकों के लिए जारी एक अन्य परिपत्र में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत अनुमति-प्राप्त समायोजन व्यवस्था को मान्यता दी गई है।

जेएलआर के 'डिफेंडर' मॉडल का भारत में उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लक्जरी वाहन विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने अपने एसयूवी 'डिफेंडर 110' का पुणे स्थित संयंत्र में उत्पादन शुरू कर दिया है जिससे इस मॉडल के शीर्ष संस्करण की कीमत 34 लाख रुपये तक घट जाएगी। इसके साथ ही, कंपनी को इस कदम से बिक्री मात्रा में 20 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है। जेएलआर इंडिया ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत अब यूरोप के बाहर डिफेंडर का स्थानीय उत्पादन करने वाला पहला बाजार बन गया है। हालांकि, वैश्विक बाजारों के लिए डिफेंडर का उत्पादन स्लोवाकिया के नित्रा स्थित जेएलआर संयंत्र में जारी रहेगा। यह संयंत्र डिफेंडर के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बना रहेगा और डिफेंडर ऑक्टा, डिफेंडर 90 तथा डिफेंडर 130 सहित वैश्विक संस्करणों का निर्माण करता रहेगा। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में भारत में डिफेंडर की 9,000 से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं और यह कंपनी का सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल है। अंबा ने कहा कि पुणे में इस मॉडल का उत्पादन शुरू करने का फैसला भारत में कंपनी की विस्तार योजनाओं और यहां की टीम तथा भागीदारों की गुणवत्ता पर उसके भरोसे को दर्शाता है।



मांग के अनुरूप आपूर्ति में मदद मिलेगी

भारतीय ग्राहकों की मांग के अनुरूप तेजी से आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बताया कि भारत में डिफेंडर एक्स-डायनेमिक एचएसई संस्करण में 2.0 लीटर एवं 3.0 लीटर पेट्रोल इंजन तथा 3.0 लीटर डीजल इंजन के विकल्पों में उपलब्ध होगी।

मारुति सुजुकी के लाभ में 26% से अधिक की गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कार बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 26.36 प्रतिशत घटकर 2,466.1 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, तिमाही के दौरान वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री से कंपनी का राजस्व बढ़ा है।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध' लाभ 3,349 करोड़ रुपये रहा था। वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर में परिचालन से कुल राजस्व बढ़कर 53,355.5 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की इसी अवधि में 42,344.2 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उसका कुल खर्च भी बढ़कर 50,619 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 39,018.4 करोड़ रुपये था।



हिस्सेदारी बढ़कर 40.8 प्रतिशत

मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि घरेलू बाजार में उसकी हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.8 प्रतिशत हो गई। कंपनी ने कहा, ''निर्यात बाजारों में चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति के बावजूद कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 1,08,119 वाहनों का निर्यात कर सकी, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा 1,10,487 वाहन था।''

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)
Web site: www.mpphe.gov.in Phone No. 07652-240307 Email :- eephedshd@mp.nic.in Fax No. 07652-240307
पत्र क्रमांक 1444/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना** शहडोल, दिनांक 16/10/26
शहडोल जिले के खण्ड एवं उपखण्ड स्तर की प्रयोगशालाओं हेतु कैमिकल की आवश्यकता की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से Website http://mptenders.gov.in निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की गई है जिसकी अंतिम तिथि 02.11.2026 है ।

निविदा क्र.	ऑन लाईन निविदा क्र.	ग्राम का नाम	अनुमानित राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपए में)	अवधि	निविदा आमंत्रण संख्या
06	543761	NABL AFFILATION WORK AND PROVIDING LABORATORY EQUIPMENT'S,LABORATO RY ITEMS, LABORATORY GLASSWARE FOR SUB DIVISIONAL WATER TESTING LABORATORY OF BEOHARI & BURHAR DISTRICT : SHAHDOL M.P.	6.65	13290.00	2000.00	12 माह	प्रथम

G-20576/26 "स्वच्छता ही सेवा" कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शहडोल (म.प्र.)

कार्यालय नगर परिषद शहपुरा, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
E-Mail : cmoshahpuradidori@gmail.com. Phone : 07640-230224
एन.आई.टी. क्र./882/न.प./2026-27 **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** शहपुरा, दिनांक 27/10/2026
नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनालाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ई-निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा फार्म का शुल्क (रुपए में)	ठेके की समयावधि
1	2	3	4	5	6
2026_UAD _542639_1	बरगांव से शहपुरा मार्ग में पाईप लाईन जीर्णोद्धार कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	55.30	55300.00	10000.00	05 माह वर्षा काल सहित

शर्त- ऑनलाईन निविदा खरीदने एवं सबमिट करने की अंतिम तिथि 16.11.2026 सायं 5:30 बजे तक है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
(दिनेश कुमार धानेश्वर)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद शहपुरा

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर
निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./प्रकाश/2026-27 /41/पी.आर.ओ./706 दिनांक 27/10/2026	Lighting Arrangement work at Different Location under Zone No. 01 Garha Jabalpur.	06 माह एवं 410289/-	2000/- एवं 4110/-	16/11/2026 (1ST Call)
2	न.नि.ज./प्रकाश/2026-27 /42/पी.आर.ओ./706 दिनांक 27/10/2026	Supply & Fixing of Street Light Fitting at word No. 16 Jabalpur.	03 माह एवं 168192/-	2000/- एवं 3365/-	16/11/2026 (1ST Call)

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।
कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001
दूरभाष/फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in
क्रमांक/ स्वा./ ई-निविदा/2026/10339 बालाघाट, दिनांक 23/10/2026
-: निविदा सूचना:-
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा निम्नांकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत संविदाकारी/ निर्माताओं/अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ताओं से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

क्रं.	टेंडर आई.डी.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य अवधि
2	2026_UAD _545173_1	एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट 72 वॉट (प्रति नग दर)	10 लाख	10000/- रूपये मात्र।	2500/-	निर्माता/अधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता	01 वित्तिय वर्ष

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्तें ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट
जिला-बालाघाट

कार्यालय मध्य वनवृत्त स्टेशन रोड जबलपुर - 482001
दूरभाष क्र. 0761-2624341 ई-मेल ccf.jbp@mp.gov.in
उत्पादन वनमंडल डिन्डौरी के अन्तर्गत ईमारती काष्ठ, जलाऊ काष्ठ के परिवहन हेतु संक्षिप्त निविदा / नीलाम सूचना की विज्ञप्ति, वर्ष 2026-2027 (द्वितीय चरण)
वर्ष 2026-2027 में मध्य वन वृत्त जबलपुर के अर्न्तगत उत्पादन वनमंडल डिन्डौरी एव उत्पादन वनमंडल मंडला एवं कालपी डिपो से दिल्ली डिपो के अन्तर्गत ईमारती काष्ठ, जलाऊ काष्ठ के परिवहन समूहों की कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर में निम्न तिथियों में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदाऐं उक्त दर्शित तिथियो मे मध्यवृत्त कार्यालय जबलपुर में ही निविदाकारों के समक्ष खोली जायेंगी ।

क्र.	निविदा क्रम	मध्य वन वृत्त कार्यालय जबलपुर में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय	संबंधित वनमंडल कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
1	प्रथम निविदा	03-11-2026 (14.00 बजे तक)	02-11-2026 (17.00 बजे तक)	03-11-2026 (15.00 बजे से)
2	द्वितीय निविदा	05-11-2026 (14.00 बजे तक)	04-11-2026 (17.00 बजे तक)	05-11-2026 (15.00 बजे से)
3	तृतीय निविदा	12-11-2026 (14.00 बजे तक)	11-11-2026 (17.00 बजे तक)	12-11-2026 (15.00 बजे से)
4	नीलाम परिवहन समूह अवशेष रहने की स्थिति में	16-11-2026 को सांय 14.00 बजे से वृत्त कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर मे		

प्रत्येक परिवहन समूह के लिये निविदा अलग-अलग निविदा फार्म में दी जावेगी । निविदा हेतु निविदा फार्म एवं/ विस्तृत शर्तें, परिवहन समूहों की सूची एवं अन्य जानकारियाँ वृत्त कार्यालय एवं संबंधित वनमण्डल कार्यालय में कार्यालयीन दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है साथ ही निविदा फार्म 100 रुपए अदायगी कर प्राप्त किए जा सकते है । निविदाकार के द्वारा दी गई निविदा के संबंध में यह माना जावेगा कि निविदाकार को निविदा की सभी शर्तें मान्य है । परिवहन समूहो के लिये प्रत्येक निविदा के साथ सत्यकार की राशि के रूप में रुपए 3000 / - (तीन हजार) एवं कालपी डिपो से दिल्ली डिपो हेतु 5000 (पाच हजार) मात्र बैंक डिपाजिट / काल डिपाजिट जो स्टेट बैंक आफ इंडिया अथवा किसी अधिकृत बैंक का संलग्न करना अनिवार्य होगा । किसी भी प्रकार के वाद विवाद होने की स्थिति में संबंधित मुख्य वनसंरक्षक का निर्णय अंतिम होगा । निविदा / नीलाम के संबंध में अन्य जानकारी उत्पादन वनमण्डल डिण्डोरी एवं उत्पादन वनमंडल मंडला कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07644-234312, एवं 07642-252449 से प्राप्त की जा सकती है, एवं विभागीय बेवसाईट www.mpforest.gov.in पर भी देखी जा सकती है। कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर / संबंधित वनमंडल कार्यालय मे आयोजित की निविदाओं / नीलाम मे भाग लेने हेतु प्रत्येक परिवहन कर्ता के पास वेध जीवित जी.एस.टी.एन. नम्बर अनिवार्य रहेगा।
मुख्य वनसंरक्षक
मध्यवृत्त जबलपुर
G-20574/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1
राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
// निविदा आमंत्रण सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

सं. क्रं.	टेन्डर नं.	निविदा क्रं. एवं दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाऊनलोड की अंतिम तिथि
1	2026_ CPA_ 543216_1	71/SAC dt. 14.10.26	(1) व्यापम चौराहे से हॉट बाजार चौराहा लंब्बाई 0.50 किमी. (2) नेहरू नगर चौराहा से चूनाभट्टी चौराहे से कोलार रोड लंबाई 3.80 किमी (3) हबीबगंज अंडर ब्रिज से दानापानी ढाबा लंबाई 2.50 किमी (4) कैनाल तिराहा से रेल्वे कासिंक नर्मदापुरम मार्ग भोपाल लम्बाई 0.80 किमी में बी.टी. रिन्युअल का कार्य ।	Rs. 278.67	Rs. 278670.00	Rs. 15000/-	04.11.26
2	2026_ CPA_ 543217_1	72/SAC dt. 14.10.26	(1) भेल गेट क.1 से भारत नगर मार्ग लंब्बाई 1.00 किमी. (2) सोनागिरी स्क्वायर से अयोध्या बायपास लंबाई 1.70 किमी (3) जे.के. रोड से दुर्गेश विहार व्हाया नरेला शंकरी से अयोध्या बायपास लंबाई 2.20 किमी (4) राजधानी मंडल पी.डब्ल्यूडी आफिस बिट्टन मार्केट परिसर भोपाल लम्बाई 0.80 किमी में बी.टी. रिन्युअल का कार्य ।	Rs. 257.96	Rs. 257960.00	Rs. 15000/-	04.11.26
3	2026_ CPA_ 543218_1	73/SAC dt. 14.10.26	सतगढी इंडस्ट्रीयल एरिया भोपाल में आयोजित जियोग्राफिक इन्फारमेसन सिस्टम हेतु (1) कोलार मुख्य मार्ग से हिनोतिया आलम भोपाल (कलियासोत नहर पेरलर) डी-मार्ट तक शेष मार्ग का निर्माण कार्य लंब्बाई 0.50 किमी. (2) कोलार मुख्य मार्ग से हिनोतिया आलम (कलियासोत नहर पेरलर) मार्ग का चौडीकरण का कार्य लंब्बाई 3.10 किमी. (3) कोलार मुख्य मार्ग (डी-मार्ट चौराहा) तक मार्ग पर सडक सुरक्षा उपकरण एवं विकास का कार्य ।	Rs. 246.80	Rs. 246800.00	Rs. 15000/-	04.11.26

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.11.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1
राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
0755-2464382
G-20579/26 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

> शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एएनएमआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है। एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'



इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर होता है। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दो सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुशभाऊ ठाकरे वि.वि., रायपुर के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस
डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद, बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य को पूर्ण नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराश्रित अथवा निष्क्रिय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ की जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़ता एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। *-कांतिलाल मांडोत*

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित
प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संवाद कौशल उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता था। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुसार फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। *– पूनम सचदेवा, पानीपत*

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई



सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी



दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने



जिन युवाओं ने कभी देश की आजादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर हैं। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। यूपी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट से गुजर रहा है। **- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

ज़िंदगी की सच्चाई



ज़िंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते हैं, वे कभी न कभी आपको दुख ज़रूर पहुंचाएंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सोच-समझकर चुनें कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाज़त देते हैं!
- रामगोपाल वर्मा, फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यावधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति



दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

28-29 अक्टूबर को चल सकती हैं तेज हवाएं, 30 अक्टूबर को तेज बारिश की संभावना

जबलपुर में मौसम लेगा करवट तेज हवाओं के बाद बारिश के आसार

जबलपुर। जिले में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार, 28 और 29 अक्टूबर को तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि 30 अक्टूबर को तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम के इस संभावित बदलाव को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं, 29 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की नजर भी मौसम पर रहेगी, क्योंकि शाम को चंद्रमा के दर्शन के लिए आसमान का साफ रहना जरूरी होगा।

तेज हवाओं के बाद बारिश के संकेत

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, अखिल भारतीय समन्वित कृषि-मौसम विज्ञान अनुसंधान परियोजना और जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की ओर से जारी मौसम संबंधी जानकारी के मुताबिक, जिले में आगामी दिनों में मौसम अस्थिर रह सकता है। 28 और 29 अक्टूबर को तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है। इसके बाद 30 अक्टूबर को तेज बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में लोगों को मौसम के ताजा अपडेट पर नजर रखने की जरूरत है।



करवा चौथ पर चांद के दीदार को लेकर रहेगी उत्सुकता

29 अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को चंद्रमा के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद व्रत खोलती हैं। ऐसे में मौसम में बदलाव और आसमान में बादलों की मौजूदगी चांद के दीदार में बाधा बन सकती है। हालांकि, तेज हवाओं के पूर्वानुमान के आधार पर यह तय नहीं किया जा सकता कि करवा चौथ की रात आसमान में बादल छाए रहेंगे या चंद्रमा दिखाई देने में परेशानी होगी। इसकी स्पष्ट जानकारी दिन के दौरान जारी होने वाले ताजा पूर्वानुमान से ही मिल सकेगी।

किसानों को भी सतर्क रहने की सलाह

संभावित मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खरीफ की कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थान या शेड में रखने और रबी फसलों की बुवाई व खेत तैयार करने का काम मौसम साफ और स्थिर होने के बाद करने की सलाह दी गई है। किसानों से अपने क्षेत्र के मौसम पूर्वानुमान की नियमित जानकारी लेते रहने की अपील की गई है।

ताजा पूर्वानुमान पर रखें नजर

मौसम में संभावित बदलाव को देखते हुए आम लोगों और किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है। विशेष रूप से करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाएं चंद्रोदय के समय मौसम की स्थिति जानने के लिए ताजा पूर्वानुमान पर नजर रखें। फिलहाल 29 अक्टूबर की रात जबलपुर में आसमान की स्थिति और चंद्रमा के स्पष्ट दर्शन को लेकर अंतिम तस्वीर सामने आना बाकी है।

कटनी ने छिंदवाड़ा को हराकर अंडर-15 क्रिकेट फाइनल में बनाई जगह

जबलपुर से होगा खिताबी मुकाबला, देव विश्वास बने मैन ऑफ द मैच

जबलपुर। अंतर जिला अंडर-15 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में कटनी ने छिंदवाड़ा को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब 28-29 अक्टूबर को कटनी का मुकाबला मेजबान जबलपुर से सुभाष स्टेडियम, वेस्ट लैंड खमरिया में सुबह 9 बजे से होगा। छिंदवाड़ा ने पहली पारी में 75 रन बनाए, जबकि कटनी ने 128 रन बनाकर 53 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में छिंदवाड़ा 103 रन पर सिमट गया। यथार्थ सोनी ने 43 रन बनाए। कटनी के देव विश्वास ने चार, जीत ने तीन, अभ्युदय ने दो और अनिरुद्ध ने एक विकेट लिया। 51 रन का लक्ष्य कटनी ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। अभ्युदय प्रताप सिंह ने 20 रन बनाए। देव विश्वास को कुल आठ विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार अंपायर अशोक सिंह और संदीप बक्स ने प्रदान किया।



अंडर-22 फाइनल में छिंदवाड़ा मजबूत

नीमखेड़ा स्थित एमपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कटनी ने पहली पारी में 453 रन बनाए। श्री गट्टानी ने 130 और यश तिवारी ने 114 रन बनाए। जवाब में छिंदवाड़ा ने दूसरे दिन चार विकेट पर 307 रन बना लिए। सेजल भादे 136 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि वेदांत जोशी ने 104 और अनुराग पटेल ने 76 रन बनाए। अंतिम दिन का खेल बुधवार सुबह 9 बजे से होगा।



कार्यालय सहायकों को मिला दक्षता का प्रशिक्षण

जबलपुर। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अनुकंपा नियुक्त कार्यालय सहायक श्रेणी-III कर्मचारियों का केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (CTI), जबलपुर में 15 सितंबर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में कर्मचारियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, विभागीय नियमों, कार्यालयीन कार्यों, पत्राचार, कंप्यूटर संचालन एवं विद्युत वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई। अंतिम मूल्यांकन महाप्रबंधक (ECGRF) आर. सी. साहू एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी धीरेन्द्र शुक्ला ने किया। समापन अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रशिक्षण) एस. के. गिरिया, उप महाप्रबंधक क्षितिज जैन तथा उप प्रबंधक के. बी. थापा एवं निधि बछोतिया उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन कर विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ने और कार्यालयीन कार्यों में दक्षता आने की उम्मीद है।

जटिल मोतियाबिंद सर्जरी पर डॉ. पवन स्थापक का शोधपत्र प्रस्तुत

इंदौर। मध्य प्रदेश स्टेट ऑप्थैल्मिक सोसाइटी की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक ने जटिल मोतियाबिंद ऑपरेशन में बेहतर परिणाम, सुरक्षा और आवश्यक सावधानियों पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।शोध में अत्यधिक पके, सख्त एवं अन्य नेत्र विकारों से जुड़े जटिल मोतियाबिंद के ऑपरेशन में आने वाली चुनौतियों, आधुनिक सर्जिकल तकनीकों, आंखों के ऊतकों की सुरक्षा और ऑपरेशन के बाद मरीजों की देखभाल पर प्रकाश डाला गया। इसमें सर्जरी के दौरान संभावित जटिलताओं से बचाव तथा बेहतर दृष्टि प्राप्त करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।कॉन्फ्रेंस में प्रदेशभर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों एवं सर्जनों ने भाग लिया। डॉ. स्थापक के शोधपत्र को विशेषज्ञों ने सराहा। इस शोध को जटिल मोतियाबिंद के मामलों में सुरक्षित सर्जरी और बेहतर उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण माना गया।



परिवहन परिवारों के 1,000 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदत्त

जबलपुर। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने 'नवगति–परिवहन परिवार महोत्सव' के तहत ट्रांसपोर्ट परिवारों के कक्षा 7वीं से 12वीं तक के करीब 1,000 विद्यार्थियों को 4,000 से 4,500 रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की। रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, श्रीराम फाइनेंस के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ बिजनेस यूनिट हेड सचिन सिंह शेखावत, संयुक्त संचालक शिक्षा घनश्याम सोनी, योमेश अग्रवाल एवं दिनेश सिंह सिंगरोल उपस्थित रहे। सचिन सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षा समाज की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में आगे बढ़ने के साथ माता-पिता, शिक्षकों और अपनी जड़ों को सदैव याद रखने का आह्वान किया। अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।





महाराजा अजमीढ़ जयंती पर स्वर्णकार महिला मंडल गठित

जबलपुर। स्वर्णकार समाज ने 26 अक्टूबर को बलदेव बाग स्थित अग्रवाल बारात घर में आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई। आयोजन में करीब 400 महिला-पुरुष शामिल हुए। समारोह में एडवोकेट महेश सोनी एवं डॉ. श्याम सुंदर हेमकार का सम्मान किया गया, जिन्होंने जबलपुर में जयंती आयोजन की शुरुआत की थी।सुरेश सराफ, अजय बख्तावर, राजा सराफ, नवीन सराफ, सुभाष चंद्रा, अशोक सोनी (लल्ला), सत्य प्रकाश सराफ, शिवचरण सोनी, नरेश सोनी, अनिल स्वर्णकार, प्रदीप सोनी (टीनू), पीडी सोनी (कल्लू भाई), बालेंदु सोनी, अंजना सराफ एवं रश्मि सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एकल, युगल एवं फ्रीस्टाइल गरबा प्रस्तुतियां हुईं तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार महिला मंडल का गठन कर संगीता सुनील सोनी को अध्यक्ष, रजनी ओम सोनी को सचिव और संजना सुनील सोनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओम सोनी ने किया। दीपक सोनी (दीपू) ने आभार व्यक्त किया। आयोजन में बालकृष्ण सराफ, दीपक सोनी, सत्येंद्र सोनी, प्रमोद सोनी (कल्लू), मनोहर सोनी, योगेंद्र सोनी (बबलू), विवेक सराफ, सुरेंद्र सोनी, कमल जौहरी एवं संतोष सोनी (मगरमुहा) का विशेष सहयोग रहा।



ठक्कर ग्राम में एक करोड़ के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन

जबलपुर। ठक्कर ग्राम के किलकारी मैदान में मंगलवार को लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन हुआ। पार्षद गुलाम हुसैन के प्रयासों से बनने वाला दो मंजिला भवन सामाजिक, शैक्षणिक, साहित्यिक एवं विवाह समारोहों के लिए उपयोगी होगा। कार्यक्रम में विधायक लखन धनधोरिया, हाजी कदीर सोनी, हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा उपस्थित रहे। अध्यक्षता पार्षद गुलाम हुसैन ने की। विभिन्न समाजों के सरदारों में हामिद हुसैन, हकीम बाबा, हाजी मुईन खान, आमिन कुरैशी एवं अयाज राईन भी मौजूद रहे। गुलाम हुसैन ने बताया कि सांसद विवेक तन्खा की निधि, विधायक निधि एवं पार्षद निधि से बनने वाला भवन 10 हजार वर्गफुट में आठ माह में तैयार करने का लक्ष्य है। इसमें तीन हजार लोगों की क्षमता होगी। कार्यक्रम में ताहिर अली, शाबान मंसूरी, हामिद मंसूरी, आरिफ हसन सिद्दीकी, मुबीन पहलवान, फजल अंसारी, कदीर अंसारी, खलील अंसारी, मेंहदी हसन, शाहिद खान, शफीक अंसारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

पत्रक पूजन संपन्न, 504वीं परिक्रमा की तैयारियां शुरू

24 नवंबर को निकलेगा नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ

जबलपुर। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ का आयोजन 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम से किया जाएगा। परिक्रमा संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि यह 504वीं परिक्रमा है, जिसकी परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 1996 में इसे व्यवस्थित स्वरूप दिया गया।आयोजन के पत्रक का पूजन सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मंदिर में ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज ने विधि-विधान से कराया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



परिक्रमा की सफलता के लिए हनुमान जी महाराज के 1100 नामों का हवन किया गया, जिसमें संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा ने प्रत्येक नाम के साथ आहुति दिलाई। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, अध्यक्ष दुर्गा पटेल, प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान, सहसंयोजक मनोज गुलाबवानी, सह प्रशासनिक प्रमुख विनोद विश्वकर्मा, शिवकुमार पटेल, छन्नू राम पटेल, चंद्र कुमार पटेल, शिव प्रताप सिंह ठाकुर एवं लालजी पटेल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हैदराबाद में इज़हार जबलपुरी का सम्मान, देशभर के शायरों ने सजाई महफिल

जबलपुर। हैदराबाद की साहित्यिक संस्था बज़्मे चराग़े अदब के तत्वावधान में जबलपुर के युवा शायर इज़हार जबलपुरी के सम्मान में 'एक शाम इज़हार जबलपुरी के नाम' शीर्षक से ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित किया गया। ख़्वाजा शौक़ हाल, उर्दू मस्कन, ख़िलवत चौमहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें मोमेंटो एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता आंध्र प्रदेश उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सैयद शाह नूरुल हक़ क़ादरी ने की। सैयद ग़ुलाम रसूल ऐनी, उस्ताद लतीफ़ शाहिद, सूफ़ी दिलकश, डॉ. हिलाल आज़मी, डॉ. मुख़्तार अहमद फ़रदीन, असलम माजिद जबलपुरी एवं हाफ़िज़ वली मुहम्मद ज़ाहिद ने इज़हार की साहित्यिक सेवाओं की सराहना की। मुख्य अतिथि सूफ़ी सैयद जैनुल आबदीन तुराबी एवं सैयद शाह नूरुल हक़ क़ादरी ने उन्हें सम्मानित किया।



दूसरे सत्र में असलम माजिद जबलपुरी की अध्यक्षता में मुशायरा हुआ, जिसका संचालन शकील हैदर कानपुरी ने किया। देश के विभिन्न प्रांतों से आए 15 शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में इज़हार ख़ान ने अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कर्मचारियों को 2% महंगाई भत्ता देने की मांग

जबलपुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने की मांग की है। संघ के ब्लॉक कोषाध्यक्ष अंशुल साहू ने बताया कि प्रदेश और केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में अंतर लंबे समय से लंबित है, जिससे बढ़ती महंगाई के बीच कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कर्मचारियों को 58 प्रतिशत, जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई से 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।



रबी सीजन और दीपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रबी सीजन और दीपावली के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को भोपाल में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने बिजली ट्रिपिंग कम करने और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया। मंत्री ने सिंहस्थ के लिए भी अभी से कार्ययोजना बनाने, हर महीने बिजली बिल जारी करने और नियमित वसूली सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बिलों की त्रुटियां शीघ्र दूर करने तथा जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा मनीष सिंह ने शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। इस दौरान सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी अजय गुप्ता, मध्य क्षेत्र के एमडी ऋषि गर्ग, पश्चिम क्षेत्र के एमडी अनूप सिंह सहित वरिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME

I, SHEIKH RAMJAN S/O SHEIKH RAHMAN DECLARE THAT MY MINOR DAUGHTER WAS KNOWN AS ANAYASHA FATIMA I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF HER FIRST NAME AND HENCEFORTH SHE,SHALL BE KNOWN AS ANAYSHA FATIMA D/O SHEIKH RAMJAN RESIDENT OF- L-12, PANCHSHEEL NAGAR, NEAR BHERO BABA MANDIR NARMADA ROAD, JABALPUR (M. P.) 482001.

CHANGE OF NAME

I, **BABITA DEVI** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15435380H** Rank **NK/CHEF (H)** Name **ANIL KUMAR** presently, residing at **H NO. 289, WARD NO. 03, BIDHWAN (113), BIDHWAN, BHIWANI HARYANA - 127046** I, have changed of my name from **BABITA DEVI** (Name as per my Husband, Army service records) to **BABITA** (name as per my **AADHAR CARD NO. 5614 2666 6741, PAN CARD NO. FBHPB3751A AND ELECTION CARD NO. XJM0418236)** vide affidavit dated **27/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
BABITA
INCORRECT NAME
BABITA DEVI

नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, KAVITA TRIPATHI is legally WIFE of ARMY NO-15700091N, Rank - HAV, Name- SANDEEP KUMAR TRIPATHI presently residing at Vill-KOTAR, POST- KOTAR, Teh-RAMPUR BAGHELAN, Distt-SATNA, State- MADHYA PRADESH, PIN - 485226, शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KABITA TRIPATHI/06-11-1986 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KAVITA TRIPATHI/21-04-1986 दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं. 38AA 850488 दिनांक 27-10-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
KABITA TRIPATHI/06-11-1986
सही नाम एंव जन्मतिथि
KAVITA TRIPATHI/21-04-1986

नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, MANOYARA BIBI is legally Mother of ARMY NO-JC394809H, Rank - NBSUB, Name- KAZI ANARUL HOQUE presently residing at Vill-LABPUR REGISTRY OFFICE PARA, POST- LABPUR, Teh-BOLPUR, Distt - BIRBHUM, State- WEST BENGAL, PIN- 731303,, शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि MONARA BIBI / 01-07-1963 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि MANOYARA BIBI/14-08-1962 दर्ज हैं।जो कि सही है मेरे नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं. 38AA 850487 दिनांक 27-10-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
MONARA BIBI / 01-07-1963
सही नाम एंव जन्मतिथि
MANOYARA BIBI / 14-08-1962

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
स.क्रं 179/2026-27/ दिनांक 27/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री शुभम कश्यप पिता के.एल. कश्यप (2)श्रीमति रिचा कश्यप पति श्री शुभम कश्यप ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 45 ख.नं. 397 का भाग कोनार्क टाउन संपत्ति के पिन क्रमांक 9000033138 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 670 वर्गफुट दानपत्र/शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र/वसीयतनामा/त्यागपत्र /रिलीज डीड/बंटवारानामा के आधार पर निगम में दर्ज श्री मेसर्स वायु पुत्र प्रमोटर्स राजेश कुमार गुप्ता, संदीप पटैल पिता सुरेश पटैल मिना बिंदराना पति लेखमी चंद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

जिज्ञासा, अदिति और संस्कृति बनीं बेस्ट वेटलिफ्टर

जबलपुर। सेंट नॉर्बर्ट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित अस्तित्व वूमेन वेटलिफ्टिंग सिटी लीग का समापन हुआ। जिज्ञासा बघेल ने यूथ, अदिति पटेल ने जूनियर और संस्कृति प्रजापति ने सीनियर वर्ग में बेस्ट वेटलिफ्टर का खिताब जीता। मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।यूथ वर्ग में पुष्पलता मालवीय, साक्षी गुप्ता, जिज्ञासा बघेल, जिया प्रसाद, सृष्टि गुप्ता और निहारिका सिंह ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्राची पंचेश्वर, इशाना बिरहा, राजेश्वरी चौबे, अदिति पटेल, दिशा जायसवाल और लक्ष्मी चौधरी प्रथम रहीं। सीनियर वर्ग में नेहा विश्वकर्मा, ज्योति विश्वकर्मा, संस्कृति प्रजापति, शिवानी जाटव और छवि अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबलपुर एमेच्योर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव जगदीश रजक सहित अमिताभ जैन, के.एल. बंसल, विंस्टन लाल, रॉबर्ट मार्टिन एवं अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



इजराइल में चुनाव संपन्न, 120 सांसद चुने जाएंगे, 4 नवंबर को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶ येरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। ये चुनाव 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले के बाद पहला चुनावी मुकाबला है। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और रात 10 बजे समाप्त हुआ। देश की संसद, 26वीं नेसेट के चुनाव के लिए मतदान करते हुए, इजराइलियों ने मंगलवार को शांति की उम्मीद जताई, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का समर्थन किया और इसके भविष्य में विश्वास व्यक्त किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने भी यरूशलेम के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और उनकी पत्नी मिशाल हर्जोग, देश के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने भी अपना वोट डाला। पीएम नेतन्याहू के सामने प्रमुख चुनौती पेश कर रहे गादी आइजेनकोट भी मतदान के दिन सक्रिय नजर आए। मतगणना के बाद शुरुआती तस्वीर कुछ घंटों में साफ हो सकती है, लेकिन सरकार बनाने को लेकर स्थिति स्पष्ट होने में समय लग सकता है। अंतिम मतगणना शुक्रवार तक पूरी होने की उम्मीद है, जबकि आधिकारिक नतीजे 4 नवंबर को जारी किए जाने हैं।

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गुट और इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के पूर्व प्रमुख गादी आइसेनकोट की 'यशार' पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गुटों के बीच कड़ा मुकाबला



पीएम बेंजामिन नेतन्याहू मतदान करते हुए

देशभर में 12,018 मतदान केंद्र

केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने के मुताबिक, देशभर में 12,018 मतदान केंद्र और 18,000 मतपेटियां तैयार की गई हैं। इनमें से 6,209 मतदान केंद्र दिव्यांगों और विशेष जरूरत वाले मतदाताओं के लिए सुलभ बनाए गए। चुनाव की तैयारियों में करीब 1.5 लाख कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे हैं, जिनमें मतदान के दिन तैनात लगभग एक लाख कर्मी भी शामिल हैं। मतदान और मतगणना की निगरानी के लिए करीब 15,000 कैमरे लगाए गए थे।

690 मिलियन शेकेल का बजट

चुनाव कराने के लिए 690 मिलियन इजराइली शेकेल (करीब 223 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का बजट रखा गया। मतदान के लिए 1.2 करोड़ लिफाफे और मतपत्र संबंधी सामग्री तैयार करने के लिए 250 टन कागज की व्यवस्था की गई है। करीब 50 हजार चुनाव कर्मचारियों को 2,140 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

34 राजनीतिक दल मैदान में

इस बार चुनाव में 34 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। इजराइल में पूरे देश को एक ही निर्वाचन क्षेत्र माना जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के बजाय पार्टी की सूची को वोट देते हैं। संसद में जगह पाने के लिए किसी पार्टी को कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट हासिल करना जरूरी है। इस आधार पर उसे कम से कम चार सीटें मिल सकती हैं।

नेतन्याहू का विपक्ष पर निशाना

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संदेश में विपक्षी दलों को वामपंथी गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता में आता है तो उसे अरब पार्टियों के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ सकता है। विपक्ष ने बदलाव के दिए संदेशयिसराइल बेतेनु पार्टी के नेता एविगडोर लिबरमैन ने कहा कि नेतन्याहू के खिलाफ वोट देना इजराइल को मजबूत बनाने के पक्ष में वोट देना है। उन्होंने अनिवार्य सैन्य या नागरिक सेवा, कानून के सामने समानता और नागरिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दे उठाए। वहीं, डेमोक्रेट्स पार्टी के यायर गोलान ने भी सरकार बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू सरकार 7 अक्तूबर के हमले की जांच के लिए स्वतंत्र आयोग बनाने का विरोध करती रही है।

विपक्ष ने बदलाव के दिए संदेश

यिसराइल बेतेनु पार्टी के नेता एविगडोर लिबरमैन ने कहा कि नेतन्याहू के खिलाफ वोट देना इजराइल को मजबूत बनाने के पक्ष में वोट देना है। उन्होंने अनिवार्य सैन्य या नागरिक सेवा, कानून के सामने समानता और नागरिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दे उठाए। वहीं, डेमोक्रेट्स पार्टी के यायर गोलान ने भी सरकार बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू सरकार 7 अक्तूबर के हमले की जांच के लिए स्वतंत्र आयोग बनाने का विरोध करती रही है।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव

आखिरी पोल में ट्रंप के लिए निराशाजनक संकेत

अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से एक सप्ताह पहले जो जनमत सर्वेक्षण कराया गया है उससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पार्टी को निराशा जरूर होगी। ट्रंप डेमोक्रेट्स से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। टैरिफ वॉर और ईरान संघर्ष के कारण अमेरिकी मतदाताओं को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है और पोल परिणाम इसी नाराजगी को जाहिर कर रहे हैं। प्रमुख चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' (प्रतिनिधि सभा) पर अपना नियंत्रण खो देगी, जबकि सीनेट के नतीजों को लेकर स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। वोटिंग पहले ही चल रही है। कुल 21.70 करोड़ पंजीकृत मतदाता। मध्यावधि चुनावों (मिडटर्म इलेक्शन) में आमतौर पर मतदान प्रतिशत कम रहता है। 2022 में यह 46.2 प्रतिशत और 2018 में 50 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

एसआईआर से पहले कर्नाटक में थे 5.54 करोड़ मतदाता

कर्नाटक में एसआईआर के बाद कटे 1 करोड़ नाम, अमेठी में कई जिंदा के नाम गायब

कर्नाटक में एसआईआर प्रक्रिया के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 1.08 करोड़ मतदाताओं का नाम फाइनल रोल से हटा दिया गया। ऐसा एन्यूमरेशन फॉर्म जमा न होने के कारण हुआ है, जो कुल वोटरों का करीब 19.48 प्रतिशत हिस्सा है। इधर, अमेठी, यूपी में 200 जिंदा लोगों के नाम गायब हैं जबकि 4 दर्जन मृतकों के नाम दर्ज हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में चुनाव आयोग की जांच और सुनवाई की प्रक्रिया के बाद 61,867 लोगों को फाइनल वोटर लिस्ट के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वहीं, कुल 4.46 करोड़ मतदाताओं को शामिल किया गया है। वोटर लिस्ट को पूरी तरह से सटीक और पारदर्शी बनाने के मकसद से चुनाव आयोग ने बड़े पैमाने पर एएसडीडी- अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान की है। आंकड़ों के मुताबिक, लिस्ट में 65,45,679 मतदाताओं (11.81%) को स्थायी रूप से स्थानांतरित पाया गया। इसके अलावा, 19,00,926 मतदाता (3.43%) अपनी जगह पर अनुपस्थित मिले। 16,39,864 मतदाताओं (2.96%) का निधन हो चुका है, जिन्हें मृत के रूप में मार्क किया गया है। वहीं, 7,09,870 मतदाताओं (1.28%) के नाम पहले से ही कहीं और रजिस्टर्ड थे या वो डुप्लीकेट पाए गए।

देशभर में एसआईआर को लेकर को मचा हुआ है बवाल



कर्नाटक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने दी दलील

कर्नाटक में मुख्य चुनाव आयुक्त अंबु कुमार ने फाइनल इलेक्टोरल रोल और वोटर एनरोलमेंट पर कहा, '16 जून, 2026 तक इलेक्टोरल रोल में लगभग 5.54 करोड़ वोटर्स में से, लगभग 1.08 करोड़ ड्राफ्ट रोल में शामिल नहीं थे। इसमें लगभग 18 लाख मरे हुए वोटर्स और लगभग 7 लाख डुप्लीकेट वोटर्स शामिल हैं। तो, लगभग 25 लाख वोटर्स या तो मरे हुए थे या डुप्लीकेट थे।'

फॉर्म 6 के जरिए जुड़ सकेंगे नाम

वोटर एनरोलमेंट कैंपेन पर अंबु कुमार ने बताया, 'हमने कई स्पेशल ड्राइव और कैंपेन चलाए हैं और खूब पब्लिसिटी की है। सभी पॉलिटिकल पार्टियों और उनके रिप्रेजेंटेटिव्स ने कोऑपरेट किया है। मेरी राय में, कर्नाटक में ऐसा कोई इलाका नहीं है जहां लोगों को इस मुद्दे के बारे में इन्फॉर्म नहीं किया गया हो. मेरा मानना है कि हर एलिजिबल वोटर **Form 6** का इस्तेमाल करके अप्लाई करेगा।'

कांग्रेस ने किया विरोध

इस बीच, कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया की कड़ी आलोचना की है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि मतदाताओं की सुरक्षा करना राज्य सरकार और पार्टी का कर्तव्य है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में चल रही एसआईआर प्रक्रिया रोकने और **CEC** ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर की है। उन्होंने प्रक्रिया में गड़बड़ियों का आरोप लगाया है।

200 जिंदा लोगों के नाम गायब, 4 दर्जन मृतकों के नाम दर्ज

अमेठी वोटर लिस्ट विवाद : चंदा जुटाकर हाईकोर्ट पहुंचे ग्रामीण

उत्तर प्रदेश के अमेठी में पंचायत मतदाता सूची की बड़ी धांधली सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बावजूद बीएलओ सर्वे के बाद भी ना तो जिंदा लोगों के नाम जोड़े गए और ना ही मृतकों के नाम काटे गए। दशकों से मतदान कर रहे परेशान ग्रामीणों ने आपस में चंदा जुटाकर न्याय पाने के लिए हाईकोर्ट का रुख किया। पवन कुमार समेत 137 लोगों ने रिट याचिका संख्या 10808/2026 दायर की है। इसके बाद अब प्रशासनिक अधिकारी जांच-पड़ताल के लिए गांव के चक्कर लगा रहे हैं। पूरा मामला महमूदपुर न्याय पंचायत का है। स्थानीय ग्रामीणों मो. अयाज खान, मो. रेयाज और हालिकुल निशा ने बताया कि वे पिछले 40 सालों से लगातार मतदान करते आ रहे हैं। इस बार अचानक उनके और उनके परिजनों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए, जबकि मृत लोगों के नाम दर्ज हैं। अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों को आपस में चंदा इकट्ठा करके कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

'गरुड़ शक्ति' का इंडोनेशिया के बान्यूवांगी में शुभारंभ



नई दिल्ली। भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' के 11वें संस्करण का शुभारंभ 27 अक्टूबर को इंडोनेशिया के बान्यूवांगी में हुआ। यह अभ्यास 6 नवंबर, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय दल में पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की टुकडियां शामिल हैं, जबकि इंडोनेशिया की ओर से वहां के विशेष बलों के जवान इसमें भाग ले रहे हैं। इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के विशेष बलों के बीच आपसी समझ, सहयोग और संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ावा देना है। अभ्यास के दौरान जंगलों में विशेष सैन्य अभियान संचालित करने से संबंधित रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण गतिविधियों में बाधाओं को पार करना, युद्धक निशानेबाजी, पर्वतारोहण, हवाई आक्रमण संबंधी प्रशिक्षण तथा युद्धक परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता विकसित करने वाले अभ्यास शामिल हैं। इसके साथ ही, हथियारों, उपकरणों और परिचालन प्रक्रियाओं से संबंधित अनुभवों एवं विशेषज्ञता का आदान-प्रदान भी किया जा रहा है।

सभी माध्यमों पर बहाल हुई आरटीजीएस सेवा, बैंक ने कोर बैंकिंग सिस्टम को पूरी तरह सुरक्षित बताया

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा सभी ग्राहकों के खाते सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने आरटीजीएस सेवाओं में अनधिकृत लेन-देन की खबरों के बीच स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि बैंक के स्थानीय स्तर पर संचालित आरटीजीएस सर्वर के इंटरफेस में तकनीकी समस्या सामने आई थी। बैंक के मुताबिक, इस समस्या से किसी भी ग्राहक का खाता प्रभावित नहीं हुआ है और उसकी कोर बैंकिंग प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित है।

बैंक ने स्पष्ट किया कि ग्राहकों के लिए आरटीजीएस सेवाएं सभी माध्यमों पर पूरी तरह बहाल कर दी गई हैं। ऑनलाइन मीडिया में अनधिकृत लेन-देन को लेकर प्रकाशित खबरों के संदर्भ में बैंक ने यह जानकारी साझा की है। आरटीजीएस यानी रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट के माध्यम से बड़ी रकम का इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण किया जाता है। ऐसे में इस सेवा से जुड़ी तकनीकी समस्या की खबरों के बाद बैंक का स्पष्टीकरण ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, बैंक के बयान में तकनीकी समस्या के विस्तृत कारण, रिपोर्ट किए गए अनधिकृत लेन-देन की संख्या या संबंधित घटनाक्रम के बारे में अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गई है। बैंक ने फिलहाल खातों की सुरक्षा और सेवाओं की बहाली पर जोर दिया है।

33 साल पुराना मामला

पूर्व मिस स्विट्जरलैंड ने ट्रंप पर लगाया रेप का आरोप

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने एक नई रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ट्रंप पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि पूर्व मिस स्विट्जरलैंड और मॉडल बीट्रिस केउल ने ट्रंप पर रेप का आरोप लगाया है। केउल का दावा है कि नवंबर 1993 की जिस घटना को उन्होंने पहले सिर्फ बदसलूकी और छेड़छाड़ बताया था, असल में उस दौरान ट्रंप ने उनके साथ रेप किया था। इसके अलावा रिपोर्ट में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेट्स द्वारा ट्रंप और कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के कथित संबंधों का ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट में बीट्रिस केउल के हमले का विवरण दिया गया है। इसमें यह भी जांच की गई है कि क्या ट्रंप, एपस्टीन और अन्य लोगों ने डोनाल्ड जे ट्रंप अमेरिकन ड्रीम पेजेंट को युवा महिलाओं और लड़कियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया था।



व्हाइट हाउस ने आरोपों को बताया झूठा

व्हाइट हाउस ने रिपोर्ट में लगाए गए इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि इसका मकसद राष्ट्रपति ट्रंप की ऐतिहासिक उपलब्धियों और रिपब्लिकन पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से अमेरिकी जनता का ध्यान भटकाना है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लॉरेन बिस ने पीपुल डॉट काम से कहा कि ट्रंप ने एपस्टीन को अपने मार-ए-लागो क्लब से बाहर कर दिया था। ट्रंप पर केउल के आरोपों के संबंध में कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

एसीपी भगत मामला

महिला पत्रकार को राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज मामले की जांच पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। महिला पत्रकार पर जंतर-मंतर के पास एक प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी के खिलाफ कथित जातिसूचक टिप्पणी करने का आरोप है। जस्टिस मिनी पुष्कर्णा की अदालत ने दिल्ली पुलिस और मामले के शिकायतकर्ता सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विवेक भगत को नोटिस जारी किया है। महिला पत्रकार ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है। अदालत ने पुलिस और शिकायतकर्ता को 16 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

तमिलनाडु की घटना

मिर्गी के दौरे का नाटक, गार्डों पर हमला, 17 कैदी हुए फरार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी सब-जेल से सोमवार देर रात 17 कैदी फरार हो गए। कैदियों ने एक साथी को मिर्गी का दौरा पड़ने का नाटक किया। उसकी मदद के लिए जैसे ही जेलकर्मी सेल में पहुंचे, सभी ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए। पुलिस ने अब तक 5 कैदियों को गिरफ्तार किया है। बाकी कैदियों की तलाश जारी है। उन्हें पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। आसपास के जिलों में अलर्ट जारी किया गया है और पड़ोसी राज्य केरल की पुलिस को भी सूचना दी गई है। घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात 9 जेलकर्मियों और अधिकारियों को लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है।



ऐसे किया हमला

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, कैदियों ने बताया था कि एक कैदी को दौरे पड़ रहे हैं। इसके बाद जेल कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी सेल का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे सभी कैदियों ने उन पर हमला कर दिया। घटना में 3 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। थेनी जिला जेल में तैनात ग्रेड-II पुलिसकर्मी थंगापांडी के सिर में चोट आई है।

पहले भी हुई थी ऐसी ही घटना

तमिलनाडु में कैदियों के एक साथ फरार होने की यह 1995 के बाद बड़ी घटनाओं में से एक है। उस साल वेल्लोर किले के अंदर बने विशेष हिरासत केंद्र से एलटीटीई के 43 संदिग्ध सुरंग बनाकर फरार हो गए थे। उस सुरंग की लंबाई करीब 153 फीट (47 मीटर) थी।

एआई वीडियो : माफी मांगे कांग्रेस : रिजिजू

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चीन को लेकर फर्जी एआई वीडियो फैलाकर दुश्मन के दुष्प्रचार का खुलकर साथ दिया है। उन्होंने इसे गद्दारी बताते हुए कांग्रेस से देश से माफी मांगने को कहा. सेना के फैक्ट चेक हैंडल ने भी वीडियो को गढ़ा हुआ बताया है। विवाद की शुरुआत एक वीडियो से हुई, जिसे एक्स पर डाला गया। आरोप है कि इसे बिहार के एक कांग्रेस नेता ने पोस्ट किया। वीडियो में सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया है।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने 2014 के मामले में सुनाया अहम फैसला

रिजर्व कोच में सामान चोरी, रेलवे देगा तगड़ा मुआवजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से पटना जा रहे एक यात्री के ट्रेन के रिजर्व कोच में रखे सामान की चोरी के मामले में रेलवे को जिम्मेदार ठहराया गया है। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने रेलवे को यात्री को सामान की कीमत पर ब्याज के साथ 1.20 लाख रुपये और परेशानी के लिए 25 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। रेलवे ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, लेकिन आयोग ने उसे खारिज करते हुए मुआवजे का आदेश बरकरार रखा. आयोग की अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल और सदस्य बिमला कुमारी की पीठ ने 6 अक्टूबर 2026 को यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि रिजर्व कोच में बिना टिकट के पैसेंजरों की एंट्री को रोकने में रेलवे की नाकामी और कर्मचारियों की लापरवाही दिखाई देती है।

1.20 लाख का सामान हुआ था चोरी, देना होगा 9% ब्याज भी



यह है मामला

यह मामला 7 जून 2014 का है। अजय कुमार महनंदा एक्सप्रेस से दिल्ली से पटना जा रहे थे। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो बिना टिकट के पैसेंजर ट्रेन के कोच में घुस आए। उन्होंने सीट को लेकर बहस शुरू कर दी. इसी दौरान यात्री का ध्यान भटकाकर वे उसका ट्रॉली बैग लेकर फरार हो गए। बैग में सोने-चांदी के गहने, कपड़े और जरूरी दस्तावेज रखे थे। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 1.20 लाख रुपये थी। यात्री ने तुरंत रेलवे को इसकी शिकायत की, लेकिन एफआईआर दर्ज होने में देरी हुई। 23 अप्रैल 2015 को एफआईआर दर्ज की गई। मई 2017 में पुलिस ने आरोपियों का पता नहीं चलने की रिपोर्ट दाखिल कर दी।

रेलवे ने जिम्मेदारी लेने से किया था इंकार

जिला उपभोक्ता आयोग ने अप्रैल 2024 में रेलवे को लापरवाही का दोषी ठहराया था। रेलवे ने इसके खिलाफ अपील करते हुए दलील दी कि बिना बुक कराए सामान की चोरी के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। रेलवे ने 'रेलवे अधिनियम' की धारा 100 का भी हवाला दिया। हालांकि, राज्य उपभोक्ता आयोग ने रेलवे की दलीलें खारिज कर दीं। पीठ ने कहा कि रेलवे की जिम्मेदारी है कि वह रिजर्व कोच में बिना टिकट के लोगों के एंट्री को रोके. रेलवे यह भी नहीं बता सका कि उस समय ड्यूटी शेड्यूल, लॉगबुक और सुरक्षा रिपोर्ट कहां हैं। आयोग ने कहा कि रेलवे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इसके बाद यात्री को 1.20 लाख रुपये पर सितंबर 2017 से 9 प्रतिशत सालाना ब्याज और मानसिक परेशानी के लिए 25 हजार रुपये देने का आदेश बरकरार रखा गया।

मेलानिया ने की मध्यस्थता

यूक्रेन के एक इलाके में संघर्ष विराम हुआ लागू

एजेंसी ▶▶ मिकोलाइव (यूक्रेन)

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के नेतृत्व में मानवीय सहायता पहुंचाने की तैयारी के बीच मंगलवार तड़के रूस के कब्जे वाले एक यूक्रेनी क्षेत्र ओलेश्की में स्थानीय संघर्ष विराम लागू हो गया। ओलेश्की, कीव से लगभग 550 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि फिनलैंड के राष्ट्रपति और नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के कुछ समय बाद से, उनके बीच पहली बार बातचीत हुई है। जेलेंस्की के कार्यालय के अनुसार, पुतिन के साथ बातचीत के बाद, नॉर्डिक देशों के दोनों नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।



एचडीएफसी बैंक का फ्लेक्सी ईवी लोन लांच

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद को आसान बनाने के लिए फ्लेक्सी इलेक्ट्रिक कार लोन लांच किया है। इस नई ऋण सुविधा के तहत इलेक्ट्रिक कार की बॉडी और बैटरी के लिए अलग-अलग लोन की व्यवस्था की गई है। बैंक के अनुसार, यह सुविधा देशभर में उसकी 9,700 से अधिक शाखाओं में उपलब्ध है।

एथर एनर्जी की आय 1,527 करोड़ पहुंची

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एथर एनर्जी की वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 62 फीसदी बढ़कर 1,527 करोड़ रुपए हो गई।

30 अक्टूबर को 'सनातन शास्त्र विमर्श' रहेगा खास आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन मूल्यों और हिंदू दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर 2026 तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शिक्षाविद और शोधकर्ता भारतीय दर्शन, संस्कृत, इतिहास, पुरातत्त्व, पांडुलिपि अध्ययन और सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने विश्वविद्यालय परिसर में समीक्षा बैठक की।

पतंजलि विवि में 29 अक्टूबर से सजेगा प्राच्यविद्या का महाकुंभ, सनातन संस्कृति पर जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

तीन दिवसीय सम्मेलन में भारतीय दर्शन संस्कृत, शिक्षा और ज्ञान परंपरा पर होगा मंथन



सांस्कृतिक चेतना और भारतीय विरासत के प्रति आत्मबोध विकसित करने पर जोर

स्वामी रामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन केवल अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण, अध्ययन एवं प्रसार का महत्वपूर्ण अवसर है। उनके अनुसार, वेद, दर्शन, संस्कृत, आध्यात्मिक चिंतन और नैतिक मूल्यों से समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा आज के वैश्विक समाज को भी दिशा देने की क्षमता रखती है। उन्होंने युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना और भारतीय विरासत के प्रति आत्मबोध विकसित करने पर जोर दिया।

शिक्षा और संस्कृत के भविष्य पर होगा मंथन

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण 30 अक्टूबर को प्रस्तावित 'सनातन शास्त्र विमर्श' होगा। इसमें विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षाविद शिक्षा के भविष्य, संस्कृत भाषा के संरक्षण-संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने के विषयों पर चर्चा करेंगे। स्वामी रामदेव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान और कौशल अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिकता, कर्तव्यबोध और मानव कल्याण की भावना विकसित करना भी है।

पुस्तक मेला, प्रदर्शनी और शास्त्रार्थ भी होंगे

सम्मेलन में विशाल पुस्तक मेले के माध्यम से वेद, उपनिषद, भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य, योग और आयुर्वेद से संबंधित पुस्तकों एवं शोध प्रकाशनों का प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति की प्रदर्शनी में उत्तराखंड की लोककला, हस्तशिल्प और पारंपरिक जीवनशैली की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा पंडित परिषद, शास्त्रार्थ, शोधपत्र प्रस्तुतियां, कवि गोष्ठी, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और लोककलाओं से जुड़े आयोजन भी होंगे। तैयारियों की समीक्षा के दौरान स्वामी रामदेव ने संबंधित विभागों को अनुशासन, गुणवत्ता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

ग्रे मार्केट के आधार पर जियो का मूल्यांकन 12.61 लाख करोड़ रुपए पहुंचने की संभावना

सूचीबद्ध होते ही बाजार पूंजीकरण में दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है जियो

रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद मिल सकता है दूसरा स्थान, भारती एयरटेल तीसरे नंबर पर खिसक सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते ही जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन सकती है। ग्रे मार्केट में मौजूदा प्रीमियम के आधार पर जियो का बाजार पूंजीकरण करीब 12.61 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है, जो भारती एयरटेल से लगभग 25,700 करोड़ रुपये अधिक होगा।

इस तरह जियो बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हो सकती है। एयरटेल को पीछे छोड़ने के लिए जियो को करीब 1,342 रुपये या उससे अधिक के भाव पर सूचीबद्ध होना होगा। जियो के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का निर्गम मूल्य 1,119 रुपये प्रति शेयर है। ग्रे मार्केट में इस पर करीब 245 से 255 रुपये तक के प्रीमियम के संकेत हैं।



ग्रे मार्केट के संकेतों से अलग

जियो का वास्तविक सूचीबद्धता मूल्य ग्रे मार्केट के संकेतों से अलग हो सकता है। ग्रे मार्केट का प्रीमियम अनौपचारिक होता है और इससे सूचीबद्धता की निश्चित कीमत का पता नहीं चलता। बुधवार, 28 अक्टूबर को बंबई शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) पर शेयरों का कारोबार शुरू होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि बाजार पूंजीकरण के मामले में जियो किस स्थान पर पहुंचती है।

टाटा समूह की टीसीएस शीर्ष पांच से बाहर हो सकती है

औसतन 250 रुपये का प्रीमियम लेकर गणना करें तो संभावित सूचीबद्धता मूल्य 1,369 रुपये बैठता है। मंगलवार को राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) पर भारती एयरटेल का आखिरी कारोबार भाव 1,978.80 रुपये रहा। इस भाव पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण करीब 12.35 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ग्रे मार्केट के संकेत सही साबित हुए तो देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। करीब 16.19 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले और जियो प्लेटफॉर्म्स दूसरे स्थान पर होंगी। इसके बाद भारती एयरटेल 12.35 लाख करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक 10.49 लाख करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 9.96 लाख करोड़ रुपये के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर होंगे।

अडाणी समूह सूची में शामिल नहीं

इस संभावित बदलाव की एक और खास बात है। टाटा समूह की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस, जो फिलहाल देश की पांच सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनियों में शामिल है, छठे स्थान पर खिसक सकती है। मंगलवार के शेयर भाव के आधार पर टीसीएस का बाजार पूंजीकरण करीब 9.03 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ऐसे में देश की शीर्ष पांच कंपनियों में टाटा या अडाणी समूह की कोई कंपनी नहीं होगी। अदाणी समूह की कोई कंपनी अभी भी इस सूची में शामिल नहीं है।

पीएनबी वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में फाइव डे बैंकिंग की मांग पर मंथन

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों और कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू कराने की मांग सरकार के समक्ष उठाने की रणनीति पर विचार किया गया। इसके साथ ही संगठन के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन स्थल, तारीख और कार्यकारिणी के गठन से जुड़े विषयों पर भी मंथन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार, वीरेंद्र भारद्वाज, बैंकिंग क्षेत्र के सह-प्रभारी प्रदीप कुमार राय और महामंत्री मनमोहन गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों के बीच कर्मचारियों के मुद्दों और संगठन की आगामी गतिविधियों पर चर्चा हुई। फाइव डे बैंकिंग यानी सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। इस मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए आगे की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के अगले राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। अधिवेशन कहां और कब आयोजित किया जाए तथा आगामी कार्यकारिणी का गठन किस प्रकार किया जाए, इन विषयों पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



ज़ेड ब्लैक और एमएस धोनी की साझेदारी के 10 साल, नया त्योहार विशेष टीवी विज्ञापन लॉन्च

इंदौर। पूजा सामग्री एवं सुगंधित उत्पादों के प्रमुख ब्रांड ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती ने भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के साथ अपनी साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर त्योहारों के लिए नया टीवी विज्ञापन लॉन्च किया है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के इस ब्रांड का नया अभियान 'प्रार्थना होगी स्वीकार' है, जिसका संदेश 'एक नए कल की उम्मीद' है।विज्ञापन में देश की प्रगति, परिवार की सुख-शांति, अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और प्रियजनों के उज्ज्वल भविष्य के लिए की जाने वाली प्रार्थनाओं को दर्शाया गया है। एमएस धोनी भी इसमें प्रार्थना करते नजर आते हैं। अभियान का उद्देश्य विभिन्न आकांक्षाओं को बेहतर भविष्य की साझा उम्मीद से जोड़ना है। एमडीपीएच के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि प्रार्थनाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन बेहतर कल की उम्मीद सभी में समान होती है। निदेशक अंशुल अग्रवाल ने बताया कि त्योहारों के दौरान ब्रांड अपने उत्पादों और व्यापक प्रचार अभियान के जरिए उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। ओबेरॉय आईबीसी के प्रबंध निदेशक आनंद ओबेरॉय ने भी इस अभियान को विश्वास और सकारात्मक उम्मीदों से जोड़ने की बात कही। नए विज्ञापन का प्रचार टेलीविजन, ओटीटी, प्रिंट और यूट्यूब सहित विभिन्न माध्यमों पर किया जाएगा। ज़ेड ब्लैक की शुरुआत 1990 के दशक में हुई थी। इसके उत्पादों में अगरबत्ती, धूपबत्ती, भीमसेनी कपूर और पूजा सामग्री शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, उसके उत्पाद 45 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं।

शिवकृपानंद स्वामीजी बने विश्व ध्यान दिवस संचालन समिति के उपाध्यक्ष

नई दिल्ली। परम पूज्य श्री शिवकृपानंद स्वामीजी को विश्व ध्यान दिवस संचालन समिति का उपाध्यक्ष तथा दक्षिण एशिया क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा विश्व ध्यान दिवस संघ और विश्व ध्यान फाउंडेशन के संयुक्त समझौते के तहत की गई। लिकटेंस्टीन के कार्यवाहक अध्यक्ष एनरिको सोम्मा सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ स्वामीजी ध्यान और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएंगे। हिमालय में 18 वर्षों की साधना के बाद स्वामीजी ने 1994 में हिमालयन समर्पण ध्यान की स्थापना की। उनके अनुसार, 72 से अधिक देशों में 30 लाख से ज्यादा लोगों को निःशुल्क ध्यान सिखाया गया है। उन्होंने भारतीय, ब्रिटिश, जर्मन, आयरिश, नेपाली और श्रीलंकाई संसदों के सांसदों के लिए ध्यान शिविर आयोजित किए हैं। उनके कार्यक्रम आईआईटी, आईआईएम,



ऑक्सफोर्ड, कैमब्रिज, भारतीय सशस्त्र बलों तथा इसरो, बार्क और डीआरडीओ जैसे संस्थानों तक पहुंचे हैं। 21 दिसंबर को मनाए जाने वाले विश्व ध्यान दिवस के तहत एआई एवं मेडिटेशन का दूसरा अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी प्रस्तावित है। स्वामीजी ने कहा कि विश्व शांति की शुरुआत आंतरिक शांति से होती है। यह नियुक्ति ध्यान, मानसिक संतुलन और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

'परिवर्तन जादू!' पुस्तक विमोचित, अतिथियों ने कहाः माता-पिता संबल हैं, उनके होने से हम हैं

भोपाल। स्व. श्री वीडी शर्मा, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर एवं जनसंपर्क अधिकारी, भोपाल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी पुत्री चंद्रिका चंद्र द्वारा लिखित पुस्तक 'परिवर्तन जादू!' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों ने माता-पिता के संघर्ष, संस्कार और जीवन में उनके महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संदेश भेजकर श्री शर्मा के सहज व्यक्तित्व की प्रशंसा की और पुस्तक



प्रकाशन को अनुकरणीय बताया। मुख्य अतिथि सुश्री सीमा पांडे मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर, जीएसटी ने मां की भूमिका पर भावपूर्ण दोहे सुनाए। प्रमोद फरक्या, डायरेक्टर, विजिलेंस पब्लिसिटी, इंदौर ने माता-पिता के संस्कारों से प्रेरणा लेकर समाज को सकारात्मक योगदान देने की बात कही। उन्होंने अपने पिता की स्मृति में इस वर्ष 108 नीम के पौधे समर्पित किए। पत्रकार श्री भीम सिंह ने परिवार और परवरिश को व्यक्तित्व निर्माण की नींव बताते हुए नई पीढ़ी से माता-पिता को समय देने का आग्रह किया। सेवानिवृत्त ज्वाइंट डायरेक्टर जनसंपर्क श्री राजेश मलिक ने श्री वीडी शर्मा की सज्जनता और विनम्रता का संस्मरण साझा किया। क्रांतिकारी रहे श्री शर्मा को छद्म नाम अपनाने के कारण 'परिवर्तन बाबू' के नाम से भी जाना जाता था। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नंदिनी शर्मा ने किया तथा आभार जगदीश चोयल ने व्यक्त किया। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी और परिवारजन उपस्थित रहे।

ठगी से बचाव के लिए आई4सी की साझेदारी

नई दिल्ली। ऑनलाइन धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए अमेजन इंडिया और गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने साझेदारी के दूसरे चरण की घोषणा की है।



राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को 50 हजार तक छात्रवृत्ति, आवेदन 31 दिसंबर तक

जबलपुर। फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस (FFE) द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बीई/बीटेक, एमबीबीएस एवं लॉ के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 है।

पात्रता के लिए 12वीं में कम से कम 70 प्रतिशत अंक तथा परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपये तक होना आवश्यक है। प्रवेश के लिए निर्धारित JEE, NEET, CGPET एवं CLAT रैंक की शर्तें भी लागू हैं। छात्रवृत्ति में ट्यूशन फीस, हॉस्टल, भोजन एवं पुस्तकों का खर्च शामिल हो सकता है। विद्यार्थियों को संचार कौशल, अंग्रेजी, वित्तीय नियोजन एवं मार्गदर्शन की सुविधा भी दी जाती है। संस्था के फैसिलिटेटर श्याम लाल गुप्ता के अनुसार, वर्ष 2013 से उनके माध्यम से छत्तीसगढ़ के लगभग 800 विद्यार्थियों को करीब 10 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति मिल चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी www.ffe.org पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्याम लाल गुप्ता, फैसिलिटेटर, फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस, भिलाई से संपर्क किया जा सकता है।



एसएल गुप्ता ने आगे बताया बताया कि उनका उद्देश्य धन के अभाव में किसी भी प्रतिभावान विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से वंचित न रहने देना है। पत्रवार्ता में महाकौशल प्रभारी शिव कुमार नीखरा, डॉ रमेश पिपरसानियां, श्रीमति मनोरमा पिपरसानिया, श्रीमति सुषमा आनंद इंदुरख्या, श्रीमति रुपाली खरया, सतीश सेठ आदि उपस्थित रहे।

शब्द पहेली - 6391



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए-

1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर -4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

शब्द पहेली -6390 का हल

	बं	दा	न	बा	ज		आ	स	मा	न
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा
व		ज	म	ज	म		ब	री		क
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त
व		चा		जे	ल		पे		ता	
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना
	री		ना		स	ना		रो		म
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क
र		क	श		झ	न	का	र		र
ता	प		प	र	दा		म		क	ण
ल	थ	प	थ		र	च	ना	का	र	

सूडोकु नवताल - 6401

मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6400 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। बांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।





लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम में रहना चाहते हैं जरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| जालंधर

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के बाद जिन चार सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की योजना बनाई है उनमें जरमनप्रीत सिंह भी शामिल हैं लेकिन इस डिफेंडर का अभी संन्यास लेने का मूड नहीं है और उनकी नजरें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलकांत शर्मा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में भारत के लिए अपना अंतिम टूर्नामेंट खेलेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं: जरमनप्रीत

अमृतसर के रहने वाले 30 वर्षीय जरमनप्रीत ने कहा, ''मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।''उन्होंने कहा, ''एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

टीम ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत ने सोमवार को टूर्नामेंट पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह सही खबर है और हमने टीम में इस बारे में कोई चर्चा नहीं की। मुझे लगता है कि यह महज अफवाह है।''जरमनप्रीत ने अब तक 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

सन्यास की अटकलों को खारिज किया

यह हमारे लिए शानदार अवसर है और हम लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' जरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट के बाद हम ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगे। मैं चाहता हूं कि टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करे और स्वर्ण पदक जीते।''भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए इसे 'अफवाह' करार दिया।

पेरिस ओलंपिक में टीम के प्रमुख सदस्य रहे : वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। वह 2022 और 2026 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि उन्होंने एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।

खेल में सुधार की कोशिश करता रहूंगा

जरमनप्रीत ने कहा, ''मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम की जीत में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश करता रहूंगा।"

खबर संक्षेप



काजल और नीलम महिला विश्व चैंपियनशिप कुश्ती के सेफा में

अस्ताना। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक (76 किलोग्राम) और नीलम (50 किलोग्राम) ने मंगलवार को यहां महिला वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा। काजल ने मंगोलिया की दावानासन एंख अमार पर 9-2 की जीत दर्ज करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया की कामिले ग्रिस्किएने गौकाइट को हराया था। नीलम ने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में बेलारूस की नतालिया वाराकिना को 6-0 से हराया। रूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिजावेटा स्मिरनोवा चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से हट गईं जिससे नीलम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

इससे पहले रजनीता ने महिला 65 किलोग्राम वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले में 2024 की विश्व रजत पदक विजेता कटेरीना जेलेनिख को 8-6 से हराकर उलटफेर किया।

राष्ट्रीय बधिर टी20 चैंपियनशिप सूरत में

सूरत। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) यहां 10वीं राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जिसमें 14 टीमें भाग ले रही हैं। सूरत बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीएएस) के सहयोग से आयोजित की जा रही यह चैंपियनशिप सोमवार से शुरू हुई और एक नवंबर तक चलेगी। इसके मैच बावाजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मुंबई, विदर्भ, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और उत्तर प्रदेश की टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजय बढ़त बनाई

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने न्यूजीलैंड से टी-20 श्रृंखला जीती



अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच
113 रन
38 गेंद
09 चौके
11 छक्के

- अभिषेक ने महज 38 गेंदों में 113 रन की पारी खेली
- भारत ने 199 रन का लक्ष्य केवल 13 .2 ओवर में चार विकेट खोकर पाया
- वैभव ने भी 19 गेंद में 45 रन की शानदार पारी खेली



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए और भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 40 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले टी-20 बल्लेबाज अभिषेक ने महज 38 गेंदों पर 113 रन की अविश्वसनीय पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने केवल 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड की गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं भारत ने 199 रन के मुश्किल दिख रहे लक्ष्य को महज 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

35 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक की विस्फोटक पारी के सामने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (19 गेंद में 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी भी कई मौकों पर फीकी नजर आई। अभिषेक ने 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में ध्यान मुद्रा बनाकर जश्न मनाया।

भारत ने पावर प्ले में विश्व रिकॉर्ड बनाया

भारत ने इसके साथ ही पांच ओवर में सबसे तेज टीम शतक और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले के दौरान सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए महज सात ओवर में 133 रन जोड़ दिए।

दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए

वेलिंगटन के वेस्टपैक ट्रस्ट स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यह साझेदारी लंबे समय तक यादगार रहेगी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए। सूर्यवंशी ने चार तो वहीं अभिषेक ने आठ छक्के जड़े। जब ग्लेन फिलिप्स ने अभिषेक का कैच लपका, तब तक भारतीय बल्लेबाज 11 छक्के और नौ चौके लगा चुका था।

अभिषेक की बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड का मनोबल टूटा

अभिषेक के विकेट के बाद न्यूजीलैंड की टीम का मनोबल इस कदर टूट चुका था कि उसके खिलाड़ी विकेट मिलने का जश्न मनाने के लिए भी उत्साहित नजर नहीं आए। भारतीय पारी की शुरुआत जेकब डफी के ओवर में 26 रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमशः 21 और 20 रन लुटाए। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी, वही भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आई। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर ऑफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए।

पावर प्ले के छह ओवर में 118 रन बनाए

भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार तीसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2020 में 5-0 और 2022 में 1-0 से श्रृंखला अपने नाम की थी। महज 15 साल के सूर्यवंशी ने भी आक्रामक पारी खेली। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को पांच ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया और पावरप्ले के छह ओवर में रिकॉर्ड 118 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी	रन	गेंद	4	6
टिम सीफर्ट का अक्षर बो अर्शदीप	02	06	0	0
फिन एलन का नमन बो रेड्डी	40	25	0	5
डेरिल मिचेल नाबाद	89	52	5	5
ग्लेन फिलिप्स का एवं बो अक्षर	17	14	3	0
बेवन जैकब्स नाबाद	39	23	4	1
अतिरिक्त: 11, कुल योग : 20 ओवर में 198/3 रन				
विकेट पतन: 1-4, 2-90, 3-123				
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-40-0, अर्शदीप 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-44-0 अक्षर 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-38-1				
भारत पारी	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
वैभव सूर्यवंशी का मिचेल बो फिशर	45	19	4	4
अभिषेक का फिलिप्स बो जैमीसन	113	38	9	11
संजू सैमसन बो जैमीसन	18	13	2	0
श्रेयस अय्यर का फिलिप्स बो सैंटनर	05	10	0	0
तिलक वर्मा नाबाद	01	01	0	0
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0
अतिरिक्त : कुल योग: 13.2 ओवर में 199/4 रन				
विकेट पतन: 1-133, 2-178, 3-193, 4-195				
गेंदबाजी: डफी 2-0-44-0, मिल्ने 2-0-33-0, ब्रेसवेल 2-0-36-0, जैमीसन 3.2-0-45-2 फिशर 1-0-23-1, सैंटनर 3-0-17-1				



वनडे में भी क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

वडोदरा। टी20 में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम अपना विजय अभियान जारी रखकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी इसे दोहराने की कोशिश करेगी। पहले दो मैचों में जीत के बाद भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब उसका लक्ष्य क्लीन स्वीप करना होगा, जो टी20 सीरीज में 3-0 की जीत के बाद एक और बड़ी उपलब्धि होगी। भारत को पहले दो वनडे मैच में किसी तरह की खास चुनौती नहीं मिली। पहले मैच में प्रतिका रावल के नाबाद शतक और श्री चरणी के चार विकेट की बदौलत भारत ने नौ विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में हरमनप्रीत कौर के 126 और दीप्ति शर्मा के नाबाद 106 रन की मदद से भारत ने छह विकेट पर 328 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद टीम को अच्छी सफलता दिलाई है लेकिन वह बल्लेबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। ऐसे में वह अंतिम मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगी।

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

श्रीलंका ने मंगलवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड की त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई।

श्रीलंका ने इसके बाद 18.1 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह मुकाबला दिन-रात का था और गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट के पूरी तरह जलने से पहले ही श्रीलंकाई टीम जीत दर्ज कर चुकी थी। श्रीलंका ने इससे पहले रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ 430 रन के लक्ष्य का पीछा करके एकदिवसीय इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा



लक्ष्य हासिल किया था। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 60 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। उन्हें खाता खोलने से पहले ही विकेटकीपर ने जीवनदान दे दिया था। इसके अलावा 44 रन के निजी स्कोर पर उन्होंने रिव्यू लेकर मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले को पलटवा दिया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हरमनप्रीत कौर आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| दुबई

पूर्व भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गईं। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में 32 और शून्य पर आउट होने वाली कप्तान स्मृति मंधाना ने इस लचर प्रदर्शन के कारण अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वॉर्ट पहले नंबर पर काबिज हो गई हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में हरमनप्रीत और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शतक बनाकर अपनी टीम को तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त दिलाई थी। हरमनप्रीत ने एशियाई खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। दीप्ति ने बल्लेबाजों



की सूची में चार स्थान ऊपर 23वां स्थान हासिल कर लिया है। वह ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चौथे और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे बल्लेबाजों की सूची में भारत की युवा खिलाड़ी प्रतिका रावल ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। वह सात पायदान ऊपर 21वें स्थान पर काबिज हो गई हैं।

गुजरना पड़ेगा कड़ी जांच से

वाडा ने आईसीसी को टियर-1 में रखा, भारत शीर्ष श्रेणी में बरकरार

- आईसीसी अब तक टियर-2 पर थी
- खिलाड़ियों को अब अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अपनी प्राथमिकता नीति के तहत पहली श्रेणी में शामिल कर दिया है, जबकि भारत उन शीर्ष देशों में बना हुआ है जिन्हें संस्था के निगरानी कार्यक्रम में सबसे कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है।

आईसीसी अब तक टियर2 पर थी, लेकिन अब उसे टियर1 में रख दिया गया है जिसमें खिलाड़ियों को अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। यह व्यवस्था अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होगी। वाडा ने कहा, ''खेलों के वर्गीकरण का आधार यह है कि क्या खेल ओलंपिक या पैरालंपिक कार्यक्रमों में शामिल हैं।'' क्रिकेट 100 से अधिक वर्षों के बाद 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा। इस स्तरीय प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाडा के संसाधनों का उपयोग उन देशों और खेलों में डोपिंग के जोखिम का सामना करने के लिए किया जा सके जहां धोखाधड़ी का जोखिम और प्रभाव सबसे अधिक माना जाता है।

वाडा के 38 सदस्यीय शीर्ष स्तर में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संघों में विश्व बैडमिंटन महासंघ, अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग संघ, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ, अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ, वर्ल्ड बॉक्सिंग और विश्व एथलेटिक्स शामिल हैं।

भारत स्क्वाश में शीर्ष श्रेणी में शामिल हुआ

ओलंपिक खेलों में स्क्वाश को शामिल किए जाने के कारण विश्व स्क्वाश महासंघ को भी टियर3 से टियर1 में रखा गया है। इस बीच डोपिंग के अधिक मामले पाए जाने के कारण भारत पिछले तीन वर्षों से शीर्ष श्रेणी में बना हुआ है। इस श्रेणी में कुल 50 देश शामिल हैं जिनमें अमेरिका और चीन भी हैं।

हर दो साल में अपडेट करेगा : वाडा हर दो साल में स्तर (टियर) को अपडेट करेगा और इससे जुड़े देशों और खेल संघों को उनकी स्थिति में बदलाव होने पर कम से कम दो महीने का नोटिस मिलेगा।

केन ने पिछले सत्र में क्लब की और से देश के लिए 73 गोल किए, महिला वर्ग में पुटेलस को तीसरा खिताब

केन 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरी केन पिछले 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जबकि महिला वर्ग में स्पेन की स्टार खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। केन ने पिछले सत्र में क्लब और देश के लिए 73 गोल किए और वह यूरोप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

केन ने जर्मनी के अपने क्लब बायर्न म्यूनिख और विश्व कप में गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया था। विश्व कप में वह इंग्लैंड के कप्तान थे और उनकी टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद कहा, ''कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। मेरा सफर आसान नहीं था। मैं वो बच्चा नहीं था जो सीधे शिखर पर पहुंच गया हो। मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।''

विश्व कप में केन ने छह गोल दागे थे

विश्व कप में उन्होंने छह गोल करके गैरी लाइनकर को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हार गई, लेकिन उसने तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को हराया जो पिछले 60 वर्षों में इंग्लैंड का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



पुटेलस ने 2021 व 2022 में यह पुरस्कार जीता

पुटेलस ने 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। महिलाओं के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद युवा खिलाड़ियों के लिए संदेश में कहा, ''खुद पर विश्वास रखो। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आपका कोई सपना है, तो उसे पूरा करने की कोशिश करो, भले ही कभी-कभी आपको शून्य से शुरुआत करनी पड़े।''

केन के बाद एमबाप्पे का नंबर रहा

केन ने कहा, ''मुझे इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि इससे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।''इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य खिलाड़ियों में मतदान में केन के बाद किलियन एमबाप्पे, लामिन यामल (जिन्हें लगातार तीसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया), 2024 के विजेता रोड्रि और रिकॉर्ड आठ बार के विजेता लियोनेल मेस्सी का नंबर रहा।

राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से बुधवार को पेश किया जाएगा पक्ष

जमीन की खरीद-बिक्री में कोई भूमिका नहीं फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया की ओर से तर्क

जबलपुर। फरार पूर्व सीएसपी नेहा पच्चीसिया की ओर से एफआईआर निरस्त करने और अग्रिम जमानत



के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान उनकी ओर से तर्क दिया गया कि संबंधित जमीन की खरीद-बिक्री में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण को भी गलत तथ्यों पर आधारित बताया गया। याचिका पर बुधवार को राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से पक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कटनी की सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित तीन आरोपियों के खिलाफ कुठला थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कटनी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोप है कि कुठला थाना क्षेत्र में हत्या के एक मामले में निर्धारित समयावधि में चालान पेश नहीं किए जाने के कारण आरोपित को जमानत का लाभ मिल गया था। इसी प्रकरण से जुड़े आरोपों के अनुसार, इसके एवज में संबंधित जमीन कम कीमत पर अपने एजेंट के नाम से खरीदी गई। सीएसपी की ओर से कोर्ट में तर्क दिया गया कि संबंधित जमीन मारूफ अहमद हनफी के नाम पर खरीदी गई थी और उनके बैंक खाते में क्षितिज राज पात्रे ने राशि स्थानांतरित की थी। उनके अपने बैंक खाते से इस संबंध में कोई लेनदेन नहीं हुआ। जमीन की खरीद-बिक्री में उनकी भूमिका होने का कोई साक्ष्य भी नहीं है। साथ ही, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण को गलत तथ्यों पर आधारित बताते हुए राहत देने का अनुरोध किया गया।

सहमति नहीं बनी तो गुप्त मतदान से होगा निर्वाचन

एमपी स्टेट बार काउंसिल को आज मिलेगा नया चेयरमैन

जबलपुर। मप्र स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) के नए चेयरमैन का निर्वाचन बुधवार को होगा। सामान्य सभा की बैठक में प्रदेश के अधिवक्ताओं की इस प्रमुख संस्था के नए अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगेगी। जबलपुर, इंदौर, भोपाल और रीवा के निर्वाचित सदस्यों की दावेदारी के बीच चेयरमैन पद को लेकर सरगर्मी तेज है।

बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) ने निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एक से अधिक उम्मीदवार होने पर हाथ उठाकर या खुले तौर पर समर्थन जताकर मतदान नहीं कराया जाएगा। ऐसी स्थिति में गुप्त मतदान यानी सीक्रेट बैलेट से निर्वाचन करना होगा। इससे सदस्यों की स्वतंत्र पसंद और मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित की जा सकेगी।

चेयरमैन पद के लिए अब तक किसी एक नाम पर सहमति स्पष्ट नहीं हुई है। एक पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा रीवा के निर्वाचित सदस्य के नाम भी चर्चा में हैं। जबलपुर और इंदौर के सदस्यों की दावेदारी की भी चर्चाएं हैं। बैठक में समर्थन के समीकरण और आपसी सहमति से निर्वाचन की तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। सामान्य सभा की बैठक में सहमति बनती है या गुप्त मतदान की नौबत आती है, इससे तय होगा कि स्टेट बार काउंसिल की कमान किसके हाथ में जाएगी।

गलती सुधारकर पदोन्नति पर नियमानुसार निर्णय लेने का आदेश

पदोन्नति के लिए नवंबर तक रिव्यू डीपीसी कराने के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बालाघाट जिले में व्याख्याता पद पर पदोन्नति से संबंधित मामले में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने सक्षम प्राधिकारी को नवंबर 2026 के अंत तक समीक्षा विभागीय पदोन्नति समिति (रिव्यू डीपीसी) की प्रक्रिया पूरी करने और नियमानुसार पदोन्नति पर आदेश पारित करने के निर्देश दिए हैं। देवेंद्र पटले सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता करण सिंह ठाकुर ने कोर्ट को बताया कि बालाघाट जिले में पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं की गई। अधिकारियों की गलती के कारण याचिकाकर्ताओं और उनके समान स्थिति वाले अन्य कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए विचार किए जाने का अवसर नहीं मिला। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्रुटि सुधारने और रिव्यू डीपीसी आयोजित करने के निर्देश देने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मामले में जवाब या शपथपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, लेकिन टेलीफोन पर मिली जानकारी के अनुसार संभावित त्रुटि सुधारने के लिए रिव्यू डीपीसी आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया नवंबर 2026 में पूरी किए जाने की संभावना जताई गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सक्षम प्राधिकारी को नवंबर के अंत तक रिव्यू डीपीसी की प्रक्रिया पूरी कर पदोन्नति के संबंध में नियमानुसार आदेश पारित करने के निर्देश दिए।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240